रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-146 मूल्य 3.00 ₹

# शराब घोटाला: पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा गिरफ्तार

## कवासी लखमा सात दिन के रिमांड पर, उगलेंगे घोटाले के कई राज



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार किया है। बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय तीसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और बेटे हरीश लखमा को पूछताछ के लिए बुलाया। इस दौरान ईडी ने कवासी लखमा को गिरफ्तार कर जस्टिस अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया है। ईडी के अफसरों ने कोर्ट से कवासी लखमा की 14 दिन की रिमांड मांगी थी। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद पूर्व मंत्री कवासी लखमा को 7 दिन की रिमांड में भेज दिया गया है। इसके पहले शराब घोटाला मामले में 28 दिसंबर को ईडी ने पूर्व मंत्री लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। छापेमार कार्रवाई में ईडी ने नगद लेनदेन के सबूत मिलने की जानकारी दी गई थी। इसके साथ कवासी लखमा के करीबियों के यहा भी दबिश दी गई थी, जिसकी पड़ताल जारी है। मामले में अभी और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। बहरहाल शराब घोटाले मामले में लखमा कई राज उगल सकते है। लखमा से अब मामले की पूछताछ की जाएगी। जिसमें घोटाले में शामिल और लोगों की भी कलई खुल सकती है।

### कवासी लखमा की गिरफ्तारी के विरोध में सुकमा बंद का ऐलान



**सुकमा।** पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा ने 16 जनवरी 2025 को सुकमा बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस कमेटी का कहना है कि कवासी लखमा पर ईडी द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसे देखते हुए जिले में बंद का निर्णय लिया गया है। बंद के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को छोड़कर बाकी सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। वहीं लखमा की गिरफ्तारी को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने ईडी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। बीजेपी और ईडी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी भी की।

### शराब घोटाले में दर्जनभर गिरफ्तारियां

कथित शराब घोटाले में अब तक दर्जनभर लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी है। इसी मामले में पूर्व महापौर के भाई अनवर ढेबर, तात्कालीन आबकारी एमडी एपी त्रिपाठी, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा समेंत अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी सिलसिले में प्रदेश की यह पहली राजनीतिक गिरफ्तारी है। अब तक अफसरों और व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, मामले में राजनेताओं की गिरफ्तारी भी शुरू हो गई है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शराब घोटाले मामले पर केन्द्रीय एजेंसी ईडी जांच कर रही है। इसमें जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### कोई भी नहीं बख्शा नहीं जाएगा : विजय शर्मा



**रायपुर।** इस मामले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, लखमा के आबकारी मंत्री रहते एफएल-10 के नाम पर स्कैम किया गया। अपनी ही सरकार में कवासी लखमा ठग लिए गए। इसीलिए उनके साथ तब जो लोग थे, वे आज नहीं हैं। कानून अपना काम करेगा और कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।

### भूपेश के षड्यंत्र के शिकार कवासी : केदार



**रायपुर।** वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर कहा है कि लखमा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के षड्यंत्रों का शिकार हैं। कश्यप ने कहा कि बघेल ने अपने घोटालों को अंजाम देने के लिए लखमा को मोहरे के तौर इस्तेमाल किया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि शराब का पूरा घोटाला भूपेश बघेल की सरपरस्ती में हुआ और बघेल ने जन-धन की लूट मचाकर छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनाया और यह पैसा सोनिया-राहुल तक भी गया। कश्यप ने कहा कि कवासी लखमा को जान-बूझकर आबकारी मंत्री बनाया था ताकि वह इस घोटाले को अंजाम दे सकें।

### पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी भाजपा की द्वेषपूर्ण राजनीति : डॉ. महंत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आदिवासी नेता पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी भाजपा के राष्ट्रीय चरित्र द्वेषपूर्ण राजनीति का एक जीवंत उदाहरण है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, कांग्रेस एवं विपक्षी नेताओं को जाँच के नाम पर सरकारी एजेंसीयों द्वारा फंसाना और बदनाम कर उन्हें गिरफ्तार करना भाजपा के ओछी सोच का नतीजा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि,एक सरल सहज आदिवासी नेता के साथ इस प्रकार की दमनकारी निर्णय का हम पुरजोर विरोध करते है। हम सभी कांग्रेसजन पूर्व मंत्री कवासी लखमा के साथ हैं।

### आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की रही रच साजिश



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर विरोध जताते हुए कहा कि यह कार्रवाई बदले की भावना से की गई है और केंद्र में बैठे भाजपा नेताओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर ईडी कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की साजिश रच रही है। बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लखमा के साथ खड़ी है और इस राजनीतिक षड्यंत्र का मुकाबला करेगी।

## क्विक न्यूज

### राहुल ने कबूल कर लिया है कि वह भारत से लड़ रहे हैं : नड्डा



**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजधानी में कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय के नये भवन के उद्घाटन के मौके पर दिए गए बयान की भर्त्सना की और कहा कि गांधी के बयान से साफ हो गया है कि उनके अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जो भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। भाजपा के अध्यक्ष नड्डा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में गांधी के राष्ट्र विरोधी बयान की कड़ी आलोचना की और कहा कि राहुल गांधी हमेशा देश को तोड़ने वालों और भारत को कमजोर करने वालों को समर्थन देने वाला होता है। राहुल गाँधी का आज का बयान कि वह 'इंडियन स्टेट' से लड़ रहे हैं, यह कांग्रेस के भारत की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने के खतरनाक षड्यंत्र को दर्शाती है।

### समिति ने भारत-अमेरिका विरोधी संगठनों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका के सुरक्षा हितों के खिलाफ काम करने वाले कुछ संगठित आपराधिक समूहों, आतंकवादी संगठनों और मादक पदार्थ तस्करों की गतिविधियों के बारे में एक उच्च स्तरीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। यह समिति अमरीकी सरकार के इस आरोप के बाद गठित की गयी थी कि भारतीय एजेन्टों ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश की है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर भारत सरकार ने नवंबर 2023 में एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की थी। ये संगठन भारत और अमेरिका दोनों के सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचा रहे थे।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी


**मुंबई।** अमेरिका में मौद्रिक नीति को प्रभावित करने वाली खुदरा महंगाई के आंकड़े आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, रियल्टी, आईटी, टेक और सर्विसेज समेत 17 समूहों में लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई की तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 224.45 अंक उछलकर 76,724.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.15 अंक की बढ़त लेकर 23,213.20 अंक पर बंद हुआ।

## छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिलेगा 1874 करोड़ रुपये अतिरिक्त आबंटन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री वष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी जनहितैषी नीतियों एवं कार्यक्रमों से न केवल प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, अपितु राज्य के बजट और केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि का जनहित में सदुपयोग सुनिश्चित कर केंद्र सरकार से सराहना और प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने की भी हकदार बनी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि राज्य की जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के तहत आबंटित धनराशि का कुशल और प्रभावी उपयोग किया है, जिसकी केंद्र सरकार ने सराहना की है। पूंजीगत व्यय के तहत राशि के सदुपयोग के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य को शीघ्र ही 1874 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आबंटन मिलेगा। यह राशि राज्य के बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए खर्च की जाएगी। पूंजीगत व्यय यानि कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अर्थ है उन पूंजीगत व्ययों का प्रावधान, जो किसी राज्य या देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए परिसंपत्तियों के सृजन और दीर्घकालिक विकास के लिए किए जाते हैं। बजट में इसे इसलिए शामिल किया जाता है ताकि शासकीय धन का उपयोग सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और उद्योग जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और विकास के लिए किया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और राज्य के समग्र विकास को गति देना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय (राज्य कैपेक्स) में 17,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि सड़कों, पुलों, स्कूलों, अस्पतालों, औद्योगिक परियोजनाओं और सिंचाई योजनाओं पर खर्च की जा रही है। राज्य को केंद्र से 1874 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन मिलने से नई परियोजनाओं को लागू करने, रोजगार सृजन और राज्य के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ का राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने किया आत्मीय स्वागत





**रायपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे। राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का छत्तीसगढ़ की धरती पर आत्मीय स्वागत किया।

## सेना को रणनीति, तकनीक और तरीकों को लगातार उन्नत करने की जरूरत : जनरल चौहान



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सेना को दुश्मनों से आगे रहने के लिए अपनी रणनीति, तकनीक और तरीकों को लगातार उन्नत करने की जरूरत है। जनरल चौहान ने 77वें सेना दिवस के अवसर पर सैनिकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह दिन अटूट समर्पण, साहस, अदम्य भावना और दक्षता का उत्सव है, जो भारतीय सेना को परिभाषित करता है, भारतीय सेना भारत की सुरक्षा और एकता के आधार के रूप में खड़ी है। जनरल चौहान ने कहा कि भारतीय सेना की विरासत चुनौतियों से निपटने, संप्रभुता बनाए रखने और निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने की विश्वसनीय क्षमता पर बनी है। उन्होंने कहा, सभी परिस्थितियों में उच्च स्तर की तत्परता बनाए रखने, परिचालन क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने और हमारे नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में भारतीय सेना के कर्मियों के अथक प्रयास सराहनीय हैं।

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 121 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 22.49 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 25 हजार 549 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथी का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। अब तक 92.65 लाख मीटरिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है।

### चुनाव नियमों में संशोधन को चुनौती देने वाली जयराम रमेश की याचिका पर केंद्र, चुनाव आयोग को नोटिस




**नयी दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 1961 के चुनाव नियमों में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की याचिका पर बुधवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया। चुनाव नियमों में किए गए संशोधनों के तहत सीसीटीवी और चुनाव से जुड़े अन्य दस्तावेजों तक लोगों की पहुंच प्रतिबंधित कर दी गई है।

**21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं**

## दुनिया की बड़ी समुद्री ताकत बन रहा है भारत : पीएम मोदी

वार्ता < मुंबई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन अत्याधुनिक और प्रमुख प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत तथा आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21 वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। मोदी ने नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों - आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं और आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा, यह पहली बार हो रहा है जब एक डिस्ट्रायर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है और सबसे गर्व की बात है कि ये तीनों ही प्रमुख प्लेटफार्म मेड इन इंडिया हैं। आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व और विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाले देश के रूप में उभरा है। जल हो, थल हो , नभ हो या गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में नौसेना को एक नई ताकत और दृष्टि दी। उन्होंने कहा कि आज सरकार ने शिवाजी महाराज की भूमि पर 21वीं सदी की भारतीय नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मोदी ने कहा, आज का कार्यक्रम हमारी गौरवशाली विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत का लंबी समुद्री यात्राओं, वाणिज्य, नौसेना रक्षा और जहाज उद्योग से जुड़ा एक समृद्ध इतिहास है। इस समृद्ध इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया में एक प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है।

## खरगे ने की मोहन भागवत के बयान की निंदा

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान को लोकतंत्र विरोधी करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। खरगे ने कांग्रेस के नये मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन करने के बाद बुधवार को ट्वीट कर कहा कि आरएसएस एक विभाजनकारी विचारधारा है जिसका आजादी की लड़ाई में कभी कोई योगदान नहीं रहा। उन्होंने कहा, कई विभाजनकारी ताकतें, जिनका आज़ादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था, उन्होंने बाद में संविधान, तिरंगा, अशोक चक्र से लेकर समाज की प्रगति के लिए बन रहे कायदे-कानूनों तक का विरोध किया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- जब राम मंदिर बना, तब देश को आजादी मिली। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि जब 2014 में वह प्रधानमंत्री बने, तब देश को आजादी मिली। कांग्रेस अध्यक्ष ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा,यह शर्म की बात है। आरएसएस भाजपा के लोगों को आजादी का दिन इसलिए याद नहीं, क्योंकि उन लोगों ने देश की आजादी में कोई योगदान नहीं दिया। कांग्रेस को आजादी इसलिए याद है, क्योंकि हमारे लोगों ने आजादी के लिए अपनी जान दी, ठोकरें खाईं और घर छोड़े। इसलिए मैं मोहन भागवत जी के बयान की निंदा करता हूँ।



# औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है शहडोल : मोहन यादव

एजेंसी भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहडोल औद्योगिक क्षेत्र की अपार संभावनाओं की भूमि है। सहयोग और साझेदारी के साथ क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये 16 जनवरी को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने वाला है। इसमें उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ नीति संवाद और नवाचार साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी और 2 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. यादव कॉन्क्लेव में 28 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन इकाइयों में 570 करोड़ रूपये का निवेश और 2600 रोजगार का सृजन होगा। कॉन्क्लेव में टोरेंट पॉवर द्वारा 1600 मेगावाट थर्मल प्लांट के लिए 18 हजार करोड़ रूपये का निवेश संभावित है। कॉन्क्लेव में डॉ. यादव देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ 3 सेक्टोरल सत्र भी होंगे। कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र में मुख्य सचिव अनुराग जैन मध्यप्रदेश के उद्योग दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेंगे और उद्योग विभाग की एक साल की उपलब्धियों पर फिल्म का प्रदर्शन होगा। प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और एमएसएमई राघवेन्द्र कुमार सिंह प्रदेश में निवेश के अवसरों, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अवसरों, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम में अवसरों, प्रमुख सचिव खनिज संसाधन उमाकांत उमराव खनन एवं खनिज क्षेत्र में अवसरों और प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला पर्यटन क्षेत्र में अवसरों का प्रस्तुतिकरण देंगे। कॉन्क्लेव में प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा अपने अनुभव साझा किये जायेंगे। कॉन्क्लेव में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला और एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर व्यापार प्रोत्साहन के लिए बिजनेस प्रमोशन सेंटर और ट्रेड एसोशियन एवं शासकीय विभागों के प्रदर्शनी स्टॉल लगेंगे। इन स्टॉल्स के माध्यम से जी-2-सी (सरकार से नागरिक) संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें उद्यमियों और निवेशकों को राज्य की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी मिल सकेगी, जिससे वे अपने व्यापारिक निर्णयों को बेहतर तरीके से ले सकेंगे। एक जिला-एक उत्पाद और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और उत्पादकों को अपने उत्पादों एवं व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर देगी।

## पटेल ने योजना के तहत बने आवास में सहरिया आदिवासियों को गृह प्रवेश कराया

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय सहरिया समाज के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पटेल ने आज जिले के पहरी के बूढ़दा गांव के पास जन मन आवास के तहत बनाए गए 34 मकान में सहरिया आदिवासियों को गृह प्रवेश कराया। साथ ही बर्तन, कंबल एक-एक पौधा उपहार में दिया। उन्होंने आदिवासी के घर में बैठकर बाजरे की रोटी सब्जी खाई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार जनजातीय सहरिया समाज के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। इसी के तहत उन्हें पक्के मकान और सभी सुविधाएं दिए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र तथा विद्यालय का भ्रमण किया विद्यालय में बच्चों के साथ संवाद किया।

# दिल्ली में केजरीवाल का समर्थन कर बिहारियों का अपमान कर रहा है राजद : मंगल

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के नेता और बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) का समर्थन कर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) बिहारियों का अपमान कर रहा है। पांडेय ने कहा कि एक ओर केजरीवाल बिहारियों को दिल्ली पर बोझ बताते हैं,वही दूसरी ओर रोहिंग्यों एवं बंगलादेशी घुसपैठियों को वोट के लिए संरक्षित करते हैं। बिहारियों के अपमान और राष्ट्रविरोधी तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले केजरीवाल पर राजद को अपना स्टैंड साफकरना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि दिल्ली में रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की अनुमानित संख्या पांच लाख के करीब है,लेकिन केजरीवाल दिल्ली के करीब डेढ़ करोड़ अन्य मतदाताओं की अवहेलना कर रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन पाने के लिए बिहारियों को दोयम दर्जे का नागरिक बता रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2003 में घुसपैठियों को पकड़ने व बाहर निकलने के लिए बांग्लादेशी सेल का गठन किया था। कुछ साल तक इसका सकारात्मक प्रभाव भी दिखा था। मगर केजरीवाल ने इस सेल को निष्क्रिय कर दिया है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के यमुना बाजार में लोहे के पुल के आसपास बसी झुग्गी बस्तियों, बवाना, जहांगीरपुरी, सीमापुरी, आली गांव, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, यमुना पुस्ता, शशि गार्डन, सोनिया कैंप, संजय बस्ती, सोनिया विहार, शकरपुर, केशवपुरम, सीमापुरी रेलवे लाइन, विकासपुरी, नजफगढ़, भलस्वा डेयरी जेजे कालोनी, प्रेम नगर, केशव पुरम, कालिंदी कुंज के श्रम विहार आदि इलाकों में बहुतायत में अवैध रूप से बसे रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण 30 से 35 विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव परिणाम पर उनका असर रहता है। केजरीवाल की नजर इन घुसपैठियों पर है। दिल्ली में केजरीवाल के जरिए घुसपैठियों का समर्थन कर राजद बिहार के सीमांचल में तुष्टिकरण की अपनी राजनीति को बल देना चाहता है।

दिल्ली में बसे बिहारी मतदाताओं को केजरीवाल सहित इंडी गठबंधन के दलों को पूरी एकजुटता से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

# अडानी कृष्णापट्टनम पोर्ट को आईसीसी पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी नेल्लोर
www.dailypioneer.com

अडानी कृष्णापटनम पोर्ट लिमिटेड (एकेपीएल) ने कहा कि उसे प्लेटिनम श्रेणी के तहत सेवा क्षेत्र में प्रतिष्ठित 18वां इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पश्चिम बंगाल सरकार के उद्योग, वाणिज्य और उद्यम मंत्री डॉ शशि पांजा और एकेपीएल के पर्यावरण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव रोशनी सेन द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार में स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र ए.के.पी.एल. के ड्राई कार्गो संचालन प्रमुख द्वारा प्राप्त किया गया। यह सम्मान स्थिरता, पर्यावरण नवाचार और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं में एकेपीएल के उत्कृष्ट योगदान को दर्शाता है। एकेपीएल ने अपने पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करने के लिए अभूतपूर्व पहलों को लागू किया है, परिचालन उत्कृष्टता और पर्यावरण प्रबंधन में मानक स्थापित किए हैं। एकेपीएल के ड्राई कार्गो ऑपरेशन के प्रमुख ने पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाणन प्राप्त किया। इस अवसर पर अडानी कृष्णपटनम पोर्ट प्रबंधन ने कहा, हमें अपनी टीमों पर उनके असाधारण काम और निरंतर सुधार के प्रति समर्पण के लिए बेहद गर्व है। यह पुरस्कार स्थिरता, पर्यावरण नवाचार और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति एकेपीएल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## पटेल ने योजना के तहत बने आवास में सहरिया आदिवासियों को गृह प्रवेश कराया

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय सहरिया समाज के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पटेल ने जिले के पहरी के बूढ़दा गांव के पास जन मन आवास के तहत बनाए गए 34 मकान में सहरिया आदिवासियों को गृह प्रवेश कराया। साथ ही बर्तन, कंबल एक-एक पौधा उपहार में दिया। उन्होंने आदिवासी के घर में बैठकर बाजरे की रोटी सब्जी खाई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार जनजातीय सहरिया समाज के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है।

## केबिनेट बैठक की तैयारी को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा

**खरगोन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आगामी 24 जनवरी को महेश्वर में केबिनेट की बैठक के सिलसिले में जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इसी परिप्रेक्ष्य में सांसद गजेंद्र पटेल की उपस्थिति में महेश्वर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में केबिनेट बैठक के दौरान मंत्रीगणों के आगमन, सुरक्षा, वाहन पार्किंग, ठहरने की व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 24 जनवरी को प्रदेश मंत्री मण्डल के सभी सदस्य महेश्वर में केबिनेट बैठक के लिए उपस्थित रहेंगें। 24 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंत्री मण्डल के सदस्य महेश्वर किले में देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे तथा इसके पश्चात अहिल्या घाट पर मॉ नर्मदा की पूजा अर्चना करेंगे। इसके पश्चात नर्मदा रिट्रिट में केबिनेट की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव मण्डलेश्वर में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे।

## मथुरा में फर्जी मार्कशीट डिग्री बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी मथुरा
www.dailypioneer.com

मथुरा में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड, विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट, टीसी और अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कई फर्जी मार्कशीट, टीसी तथा अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ साथ इसके लिए प्रयोग किये जा रहे अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण भी बरामद किये गये है।

गिरोह प्रतियोगी परीक्षाओं में सक्रिय होकर युवकों को इस प्रकार के फर्जी प्रमाण पात्र भारी रकम लेकर बेंचता है। आश्चर्य की बात यह है कि इस फर्जीबाड़ा में संबंधित विश्वविद्यालय को भी रकम दी जाती है। डीआईजी/एसएसपी शैलेश पांड़े ने पत्रकारों को बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना मनीष प्रताप सिंह उर्फ मॉंगेराम,मुकेश ,सुरेश चन्द्र , ऋषि और रामप्रकाश गौतम को बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान से गिरफ्तार किया जबकि मौके से इनका एक अन्य साथी विक्रम सिंह भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शहर में फर्जी मार्कशीट,डिग्री आदि बनाने वाले गिरोह का एक सदस्य गोवर्धन चैराहे पर किसी ग्राहक की तलाश में खड़ा है इस सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गोवर्धन चौराहे से शातिर मुकेश को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से दो फर्जी मार्कशीट व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने मुकेश से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका फर्जी मार्कशीट बनाने का गिरोह है।

## उत्तराखंड सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद में एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। कार सवार दिल्ली से अपने गांव आए थे। इसी दौरान, हादसा हो गया। पौड़ी गढ़वाल के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया



कि थाना धुमाकोट अंतर्गत, मध्याह्न में भौन खालूडांडा मार्ग पर चिमचोणिया दंगल के पास एक ऑल्टो कार नंबर डीएल 5 सीआर 4864 दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि वाहन में कुल तीन लोग सवार थे। सूचना पर पहुंचे नागरिक पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल ने रेस्क्यू कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर ही दो लोगों रमेश लाल (70), पुत्र मुकुन्दी लाल, निवासी ग्राम मैरा, धुमाकोट और प्रदीप (37), पुत्र धीरेन्द्र, निवासी सिमटंड़ा, धुमाकोट, वर्तमान निवासी प्रधान एनक्लेव, बुराड़ी, बाहरी दिल्ली की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं चालक किशोर कुमार (35), पुत्र लीलाराम, निवासी- परशुराम एनक्लेव, बुराड़ी, नई दिल्ली को घायल अवस्था में नजदीकी चिकित्सालय भेजा गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी ही दिल्ली से पूजा में अपने गांव मोरा में शामिल होकर वापस दिल्ली जा रहे थे।

## अगले सात दिनों तक मौसम रहेगा शुष्क

**हौदराबाद।** तेलंगाना में अगले सात दिनों तक शुष्क मौसम रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि तेलंगाना के कई स्थानों में सुबह के समय अगले तीन दिनों तक कोहरे या धुंध की स्थिति बने रहने के आसार हैं। अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान, सामान्य तापमान से अधिक रहने वाला है। तेलंगाना में पिछले 24 घंटे से शुष्क मौसम बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अलीदाबाद में मंगलवार देर रात को न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री दर्ज किया गया है ।



## मकर संक्रांति : आपत्तिजनक टिप्पणी करना युवक को पड़ा महंगा, गिरफ्तार

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मकर संक्रांति पर्व पर आपत्तिजनक टिप्पणी फेसबुक पर डालना एक युवक को महंगा पड़ गया है। पिथौरागढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 13 जनवरी को पिथौरागढ़ के पियाना निवासी नफीस खान द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर आपत्तिजनक विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत पिथौरागढ़ कोतवाली से कर दी। कोतवाल ललित मोहन जोशी ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 172 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



जोशी ने कहा कि यह आपराधिक मामला है और आम जनता से अपील की है कि प्रसिद्धि पाने के चक्कर में कानून का उल्लंघन न करें।

## निजीकरण के विरोध में 18 जनवरी तक काली पट्टी बांधेंगे बिजलीकर्मी

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू होने के विरोध में बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने गुरुवार को सभी जिलों एवं परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा की और कार्य के दौरान पूरे दिन काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली के निजीकरण के लिये टेंडर नोटिस प्रकाशित होने के बाद से ही बिजली कर्मचारियों में लगातार गुस्सा बढ़ रहा है और वे अपना आक्रोश प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। काली पट्टी बांधकर विरोध का अभियान 18 जनवरी तक चलेगा जिसके बाद आगे के कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। लखनऊ के अलावा वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद,बुलंद शहर, नोएडा, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, कानपुर, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में बड़ी सभाएं हुईं।

# राकेश टिकैत ने रामलला के दरबार में लगायी हाजिरी

एजेंसी अयोध्या
www.dailypioneer.com



भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किया एवं प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर मत्था टेका। चौधरी ने रामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास अच्छी बात है। भव्य हो, सुंदर हो, यातायात की सुविधायें हों मगर किसी का विनाश करके विकास न किया जाय। जिन-जिन किसानों, मजदूरों, नागरिकों की जमीनों का अयोध्या में अधिग्रहण करके विकास किया गया है उनको इतना मुआवजा दिया जाय कि उनका मकान व जमीन पुनः सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि अयोध्या शहर में श्रद्धालु तो बहुत आ रहे हैं लेकिन यहां शौचालय की कमी है। किसी भी शहर को सुंदर बनाने के लिये किसी का विनाश करना अनुचित है। रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर अभी बन रहा है जो अति सुंदर है और उनका दर्शन भी किया। टिकैत ने कहा कि देश की सरकार किसानों के विकास के लिये सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी लागू करे। उन्होंने कहा कि 18 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक दिल्ली में होने जा रही है जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। भारतीय किसान यूनियन की पांच दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन प्रयाग में हो रहा है जिसमें संगठन व किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिये जायेंगे। दिल्ली विधानसभा के चुनाव पर पूछने पर उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पंजाब को लेकर पूरे देश के किसानों के एमएसपी कानून बनाये भारत सरकार जिससे पूरे देश के किसानों को फायदा हो सके। प्रयागराज कुम्भ को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि पिछले चालिस साल से महाकुंभ हो रहा है और सभी सरकार ने श्रद्धालुओं के लिये अच्छी व्यवस्था की है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, अभय राज ब्रह्मचारी, रामगणेश मौर्य, शंकरपाल पाण्डेय, रविशंकर पाण्डेय, भोलानाथ टाइगर, रामअवध किसान, भागीरथी वर्मा, जगदीश यादव, मोहम्मद अली आदि लोग थे।

इसके पूर्व अयोध्या भारतीय किसान यूनियन द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत का भव्य स्वागत किया गया। टिकैत अयोध्या में जिलाध्यक्ष रामगणेश मौर्या के बेटी की शादी में आये थे।

## अवैध संबंध के चलते महिला ने की पति की हत्या?




**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के खैरगढ क्षेत्र में रिश्तों को तार तार करने वाला अवैध प्रेम संबंध का मामला सामने आया जिसमें एक युवक की हत्या उसकी पत्नी ने भांजे की मदद से गला दबा कर दी। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खैरगढ के गांव सिरमई? निवासी सतेंद्र सिंह (40) को परिजनों ने बुधवार सुबह मृत हालत में देख पुलिस को सूचना दी। सत्येंद्र की गला घोट कर हत्या की गई थी। परिजनों से पूछताछ में पत्नी रोशनी पर आशंका हुई। उसे हिरासत मे लेकर पूछताछ की गई तो थोड़ी देर में ही उसने भांजे के सहयोग से हत्या करना स्वीकार कर लिया। रोशनी ने पुलिस को बताया कि भांजे गोविंद के साथ उसके प्रेम संबंध है। मंगलवार रात में पति सतेंद्र सिंह ने भांजे गोविंद के साथ उसे आपत्ति जनक स्थिति में पकड़ लिया था ।

# केरल के एडक्करा में जंगली हाथी ने आदिवासी महिला को कुचलकर मारा

एजेंसी मलप्पुरम (केरल)
www.dailypioneer.com



केरल के नीलांबुर जंगल की सीमा से लगे मुथेदाम ग्राम पंचायत के एडक्करा में एक जंगली हाथी ने 52 वर्षीय एक आदिवासी महिला को कुचल कर मार डाला। ग्यारह दिनों के भीतर आदिवासी लोगों पर जंगली हाथियों का यह दूसरा हमला था। करुलाई गांव के मंचिरी-पूचापारा कॉलोनी के एक आदिवासी युवक मणि (35) की चार जनवरी को कुचलकर हत्या कर दी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान एडक्करा के उचाकुलम कॉलोनी में रहने वाली सरोजिनी (52) उर्फ नीली के रूप में हुई। घटना बुधवार पूर्वाह्न लगभग 10: 00 बजे की है, जब आदिवासियों का एक समूह अपने मवेशियों को चराने और करुलाई वन क्षेत्रों से वन संसाधन इकट्ठा करने गया था, जो उनके घरों से लगभग आधा किलोमीटर दूर था। अचानक वहां हाथियों का झुंड आया और उनमें से एक हाथी ने सरोजिनी पर हमला कर दिया और अन्य घटनास्थल से भाग गए। बाद में, वे दुर्घटनास्थल पर लौटे और देखा कि शव जमीन पर पड़ा था। वे शव को लगभग आधा किलोमीटर पैदल चलकर उचाकुलम कॉलोनी परिसर में अपने घर ले आए। स्थानीय निवासियों ने घटना के बारे में वन विभाग को सूचित किया। जन प्रतिनिधि और राजनीतिक नेता भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने मांग की कि जिला कलेक्टर और जिले के शीर्ष वन अधिकारियों के दौरे के बाद शव को पोस्टमार्टम और जांच के लिए नीलांबुर अस्पताल में स्थानांतरित किया जाए। वायनाड दक्षिण जिला वन अधिकारी (डीएफओ) दानिथलाल ने कहा कि एक महीने के भीतर वन क्षेत्रों की सीमा पर लटकती बाड़ और खाइयां स्थापित करने की व्यवस्था जल्द ही की जाएगी। पांच जनवरी को हाथी के हमले के बाद नीलांबुर विधायक, पीवी अनवर के नेतृत्व में डेमोक्रेटिक मूवमेंट ऑफ केरल (डीएमके) के कार्यकर्ताओं ने डीएफओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और कार्यालय की संरचना को भी नुकसान पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने छह जनवरी को विधायक सहित 11 द्रमुक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और जेल में डाल दिया और सात जनवरी को जमानत पर रिहा कर दिया। इस घटना ने विवाद पैदा कर दिया और अनवर को पद से इस्तीफा देना पड़ा। वह हाल ही में पश्चिम बंगाल में आयोजित एक समारोह में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए।

# धामी गुरुवार को चुनावी दौरे पर,हल्द्वानी नैनीताल, रूद्रपुर में करेंगे जनसभा

एजेंसी नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को कुमाऊं के दौरे पर आयेंगे और नैनीताल, हल्द्वानी और रूद्रपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार धामी देहरादून से सबसे पहले नैनीताल पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर जौलीग्रांट से सीधे नैनीताल के कैलाखान पहुंचेगा और मल्लीताल के राम सेवक सभा में नैनीताल एवं भवाली नगर पालिका के अध्यक्ष पदों के उम्मीदवार जीवंती भट्ट और प्रकाश आर्य के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद धामी हल्द्वानी पहुंचेंगे। वह यहां हल्द्वानी नगर निगम के अपने पार्टी उम्मीदवार गजराज सिंह के समर्थन में पहले आयोजित रोड शो में प्रतिभाग करेंगे। बताया जा रहा है कि इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा कर आम लोगों से मतदान की अपील करेंगे। हल्द्वानी चुनाव के लिहाज से मुख्यमंत्री के दौरे को अहम माना जा रहा है। यहां मेयर पद के लिये कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी में सीधी टक्कर है। यंहा सपा प्रत्याशी के आखिर में नाम वापस लेने से मुस्लिम वोटों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देख कर चुनाव अहम हो गया है। यहां से मुख्यमंत्री रूद्रपुर के लिये रवाना होंगे। धामी रूद्रपुर नगर निगम के पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित रोड शो में भाग लेंगे। वह रोड शो के माध्यम से जनता को लुभाने का प्रयास करेंगे। रोड शो गल्ला मंडी से फुटबाल मैदान तक आयोजित किया जायेगा। यहां भी मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह देहरादून के लिये रवाना हो जायेंगे। माना जा रहा है कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होंगे।

# मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किया। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं पहुंचने लगे और देर शाम तक नगर के विभिन्न मंदिरों में लोगों ने भगवान का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन दान का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसे में लोगों ने तिल, गुड़, चावल और अन्न आदि का दान किया। इसके साथ ही शुभ काम भी शुरू हो जाएंगे। आज के दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जब सूर्य धनु से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस साल 14 जनवरी मंगलवार को मकर संक्रांति मनाई गई। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और जरूरतमंदों को दान करने से साधक के भाग्य में वृद्धि होती हैं, साथ ही वंशों पर पितरों की कृपा बनी रहती हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं, जिस कारण से इसे उत्तरायण पर्व भी कहते हैं। यह दिन सूर्य उपासना के लिए उत्तम माना गया है।कहते हैं कि यदि सच्चे भाव से मकर संक्रांति पर सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाए, तो जातक की कुंडली में उनकी स्थिति मजबूत होती है। वहीं भारत में मकर संक्रांति को नई फसल और खिचड़ी का पर्व भी कहते हैं, इस तिथि पर खिचड़ी बनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, हालांकि कुछ राज्यों में इसे तिल संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है।

## बच्चो ने उड़ाया पतंग

पतंग उड़ाने को भी शुभता और खुशी का प्रतीक माना जाता है। इसलिए बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई पतंग उड़ाने के लिए बेहद उत्सुक नजर आता है। मकर संक्रांति के दिन भानुप्रतापपुर नगर में बच्चे पतंग उड़ाते दिखे।

## भगवान राम ने उड़ाई थी पहली बार पतंग

मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की धार्मिक मान्यताएं हैं। तमिल रामायण के मुताबिक, मकर संक्रांति के दिन सबसे पहली बार पतंग भगवान श्रीराम ने उड़ाई थी। ऐसा कहा जाता है कि उनकी पतंग इतनी ऊंची उड़ रही थी कि वह इंद्रलोक तक पहुंच गई थी। तभी से मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हो गई।

## मकर संक्रांति में तिल के लडडू की बिक्री ज्यादा हुई

मकर संक्रांति का त्योहार के दिन तिल खाने का खास महत्व है। इन्हीं परंपराओं में एक परंपरा तिल और गुड़ के लडडू बनाकर खाने की भी है। इस दिन तिलकुट या तिल के लडडू खाए जाते हैं मकर संक्रांति का त्योहार सर्दी के मौसम में आता है। इसलिए इस त्योहार में तिल, गुड़ जैसी चीजों को खाने का खास महत्व है, क्योंकि ये ठंड के मौसम में हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद होती हैं। भानुप्रतापपुर के बाजारों में तिल लडडू की बिक्री दो दिन पूर्व से ही हो रही थी। तिल लडडू खाने से पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है तिल में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करती है। यह कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। साथ ही, तिल में मौजूद तेल डाइजेस्टिव एंजाइम्स के उत्पादन को बढ़ावा देता है, जिससे खाना आसानी से पच जाता है। तिल में कैल्शियम और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा होती है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाता है।

# पांच हार्डकोर माओवादियों के शव बंदेपारा –कोरंजेड मुठभेड़ में बरामद हुये

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

मुठभेड़ में मारे गयें माओवादियों की शिनाख्तगी पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी डीवीसीएम प्लाटून नम्बर 02 कमाण्डर रैनु हेमला, मद्देड एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 11 डीवीसीएम, ज्योति ताती, मिलिशया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई। मारे गयें माओवादियों में कुल 15.00 लाख के ईनामी हार्डकोर माओवादी शामिल। मुठभेड़ स्थल से 01 नग एलएलआर, 01 नग 12 बोर, 02 नग सिंगल शॉट, 01 नग बीजीएल लांचर, 01 नग कंट्री मेड गन भरमार सहित भारी मात्रा कारतुस में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दवाईया, माओवादी वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 11/01/2025 को डीआरजी बीजापुर पार्टी थाना मद्देड क्षेत्रान्तर्गत नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर बंदेपारा-कोरंजेड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 12.01.2025 के प्रातः लगभग 08:00 बजे ग्राम बंदेपारा-कोरंजेड़ के मध्य जंगल पहाड़ में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम 3-4 बजे तक रूक-रूक कर चलती रही। मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 02 महिला एवं 03 पुरूष कुल 05 हार्डकोर माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुआ।

## मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों का नाम व पद

रैनु हेमला (डीवीसीएम, प्लाटून नम्बर 02 कमाण्डर) उम्र 30 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर, ईनामी 08 लाख। ज्योति ताती, मद्देड़ एरिया कमेटी, प्लाटून नम्बर 11 डीवीसीएम, निवासी तोड़का थाना गंगालूर जिला बीजापुर ईनाम 05.00 लाख रूपये, रमेश एचाम (मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) नेशनल पार्क एरिया कमेटी, उम्र 28 वर्ष, निवासी बंदेपारा थाना मद्देड, जिला बीजापुर, ईनाम 01.00 लाख रूपये, रमेश मिच्चा (मिलिशिया प्लाटून सदस्य) नेशनल पार्क एरिया कमेटी पिता नीला उम्र 22 वर्ष निवासी बंदेपारा थाना मद्देड़ जिला बीजापुर, ईनाम पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ की ओर से 20.00 हजार का ईनाम उद्घोषित, अज्ञात वर्दीधारी महिला माओवादी शिनाख्तगी शेष है।

## बरामद हथियार व नक्सल अन्य सामग्री का विवरण

01 नग एसएलआर, 03 मैग्जीन 52 राउण्ड, 01 नग 12 बोर, 14 राउण्ड, 01 नग बीजीएल लांचर, 08 सेल, 01 नग 315 रायफल, 15 राउण्ड, 01 नग 22 रायफल, 01 नग भरमार बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोगी सामान बरामद। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत दिनों में कुल 13 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये, माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

# ओबीसी को 50प्रतिशत आरक्षण देने की बात कहना छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी के उपमुख्यमंत्री अरूण साव का बयान निंदनीय: माधेश्वर जैन

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



## आरक्षण छत्तीसगढ़ में निवासरत ओबीसी वर्ग का संवैधानिक अधिकार : हरेश चक्रधारी

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के जिलाध्यक्ष महेश्वर जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री अरूण साव के ओबीसी वर्ग को 50% आरक्षण देने की बात निंदनीय है। हम मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से पूछना चाहते हैं कि यदि ओबीसी को 50% आरक्षण मिल रही है तो कहां मिल रही है बस्तर-सरगुजा संभाग ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की आरक्षण नगरीय निकाय चुनाव में आधा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शुन्य आरक्षण मिला है अरूण साव आप भी पिछड़ा वर्ग समाज से आते हैं बावजूद आपके द्वारा पिछड़ा वर्ग को 50त्न आरक्षण देने की बात कहना किसी बेमानी से कम नहीं आपको पिछड़ा वर्ग समाज कभी माफ नहीं करेगा यदि आप सच में पिछड़ा वर्ग समाज के हितैषी हैं तो सरकार की तरफ से सफाई देने की बजाय आरक्षण दिलाते तो आपकी महानता होगी। पिछड़ा वर्ग समाज जिला कांकेर की संरक्षक हरेश चक्रधारी ने छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की अनारक्षित सीटों पर ओबीसी वर्ग को टिकट देने की बात कि आलोचना करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज की छत्तीसगढ़ में लगभग 45 से 50% आबादी है या कहें तो छत्तीसगढ़ में निवासरत आधी आबादी वाले ओबीसी समाज भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ सरकार से भीख नहीं मांग रहे बल्कि अपना अधिकार मांग रहे हैं आरक्षण देने की बजाय गुमराह किया जा रहा है। अभी भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनारक्षित सीटों पर ओबीसी को टिकट देने की बात कहीं जा रही है लेकिन जब हमारे ओबीसी वर्ग के अधिकार ही खत्म हो जाएगा तो छत्तीसगढ़ के विभिन्न विभागों में नौकरी के लिए आरक्षण होंगा उसमें कैसे यहां के ओबीसी को लाभ मिलेगा क्या हमारे पिछड़ा वर्ग के लोग आर्थिक मानसिक रूप से इतना सक्षम है या फिर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बनाया गया पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग फर्जी सर्वे किया है। यदि आपकी सरकार की सच में आरक्षण देने की नियत होती तो विधानसभा और लोकसभा में नियम कानून बनाकर आरक्षण दे सकते हैं लेकिन चुनाव के समय डबल इंजन की सरकार बनेगी तो सबका साथ सबका विकास केवल भारतीय जनता पार्टी की जुमला है। अब छत्तीसगढ़ की ओबीसी वर्ग जाग चुका है आने वाले नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्पित प्रत्याशियों की जमानत जब्त कर बताऐगी।

# यातायात जन जागरूकता रथ पहुंचा दुगोली, नैमेड ग्रामीण क्षेत्र

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव के दिशा निर्देश यातायात नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू के मार्गदर्शन में जिले में 01जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है. जिसके तहत ग्राम दुगोली, नैमेड के हर पारा मोहल्ला में जन जागरूकता रथ को घुमा कर पर ग्राम वासियों को दोपहिया वाहनों पर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाना, नाबालिक बच्चों को वाहन न चलने की समझाइए दी गई.साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया। संत चौरा स्कूल दुगोली के छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया छात्र-छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने के लिए संकल्पित किया गया,साथ ही पूछे गए प्रश्नों के सही जवाब देने वालों को खेलकूद सामान से पुरुस्कृत किया गया। यातायात रोड सेफ्टी सेल आरक्षक अवध सिन्हा द्वारा यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक सकेत की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहनों में तीन सवारी ना चलाना,वाहन चलाते समय मादक द्रव का सेवन न करने, तेज गति वाहन ना चलाने सावधानी पूर्वक वाहन चलाने, प्रेशर हार्न का उपयोग न करने,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने ज़ेबरा क्रॉसिंग, रेलवे क्रॉसिंग, गुड सेमिरिटन, लाइसेंस बनाने के नियम, सड़क दुर्घटना के कारण दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं एवं उसमें निश्चित जुर्बाना की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही साथ जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रभारी के उप निरीक्षक केशव सिंह ठाकुर, जिला रेड क्रॉस एवं संगठक अधिकारी नारवेद सिंह ठाकुर, महिला एवं सखी सेंटर अधिकारी शीला भारद्वाज एवं नागेश्वर रजक हम स्टाफशामिल के साथ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिका एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पिकअप वाहन से 213 किलो गांजा तस्करी

### कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, न्यायालय ने सुनाई 12-12 साल की सजा





**कोंडागांव।** सिटी कोतवाली कोंडागांव पुलिस ने मर्दापाल चौराहा से गांजा तस्करी करते हुए कमल बख्शी (26) निवासी जयपुर (ओडिशा) और मैपाली रामचंद्र (24) निवासी आंध्र प्रदेश को 15 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किया था। विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने बताया कि, दोनों आरोपियों के विरुद्ध कोंडागांव के विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) उत्तरा कुमार कश्यप की न्यायालय में दोष सिद्ध हो चुका है। विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि, सिटी कोतवाली कोंडागांव पुलिस ने सूचना के आधार पर एचएच 30 मर्दापाल तिराह पर पिकअप वाहन (यूपी 15 डीटी 8327) से 213 किलो से अधिक गांजा तस्करी करते हुए कमल बख्शी और मैपाली रामचंदर को गिरफ्तार किया था। दोनों ने वाहन मालिक को गलत जानकारी देकर वाहन का इस्तेमाल करते हुए गांजा तस्करी की थी, जो विशेष न्यायालय में सिद्ध हो गया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 12-12 साल की जेल और डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं तस्करी में फर्जी तरीके से इस्तेमाल किए गए वाहन को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

# नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का आगाज : सीएमओ



**नारायणपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु छूटे हुए हितग्राहियों को पुनः मौका दिया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम ने बताया कि नगर पालिका परिषद नारायणपुर के सभी वार्डों में शिविर के माध्यम से हितग्राहियों से संपर्क किया जा रहा है एवं डोर टू डोर सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है। वर्तमान में कुल 64 हितग्राहियो का आवेदन ऑनलाइन किया जा चुका है एवं शेष हितग्राहियों का आवेदन ऑनलाइन करने की प्रक्रिया जारी है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का सर्वे कार्य नगर पालिका परिषद नारायणपुर का सर्वोच्च प्राथमिक कार्य है एवं ऐसे हितग्राही जो प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लिए पात्र है, उन्हें लाभान्वित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसके लिए प्रतिदिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाती है एवं राज्य शासन से इस हेतु प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य कराया जा रहा है।

# बैजनपुरी खरीदी केंद्र से विद्युत तार कनेक्शन के कारण परिवहन नही होने के संबध मे कलेक्टर से मुलाक़ात

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



खरीदी केंद्र बैजनपुरी मे विद्युत तार कनेक्शन से बैजनपुरी से घोड़दा एवं सेलेगाँव मार्ग मे कई जगह रोड़ के बीचो बिच विद्युत तार होने के कारण धान उठाव एवं परिवहन कार्य मे हो रही लगातार समस्याओं को देखते किसान प्रतिनिधि कलेक्टर से मुलाक़ात कर समस्याओं को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द समस्या को शनिवार तक पूरा करने का जिला कलेक्टर दुवारा आश्वासन दिया गया है। जिसमें ज्ञापन देने हेतु किसान प्रतिनिधि विजय नेताम, रमेश हुपेंडी लैम्पस अध्यक्ष, बिरेन्द्र कोरेटी सचिव किसान संघ ब्लॉक भानुप्रतापपुर, सुरेंद्र गोटा, पुनेश चक्रधारी, संतु चक्रधारी, सतीश कोरेटी, गुलाब ठाकुर, जीवन केमरो प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

# जिला विकास समिति, समन्वय व शासी परिषद की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com




जिला विकास समिति एवं समन्वय और शासी परिषद की बैठक कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम और कलेक्टर कुणाल दुदावत उपस्थित रहें। बैठक में जिले में अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, पर्यटन और बस्तर की संस्कृति एवं मूल्यों को सहेजने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद भोजराज नाग ने योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए और हितग्राहियों के साथ धोखाधड़ी रोकने पर जोर दिया। लता उसेण्डी ने जल जीवन मिशन के ज़मीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक नीलकंठ टेकाम ने प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस के लिए पंजीयन में तेजी लाने मिशन मोड में कार्य करने और ग्रामीण कस्बा इलाकों में और प्रमुख बाजार स्थलों में सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए खाद्य एवं सहकारिता विभाग को निर्देश दिया गया कि किसानों को बारदाने की कोई समस्या न हो। स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्य हेतु कर्मचारी की व्यवस्था और सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई और खेल मैदान, बाजार स्थल और देवगुड़ी के ऊपर से गुजरने वाले बिजली तारों को हटाने और लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# नियद नेल्लानार के स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करावें : कलेक्टर ममगाई

## प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने वाले ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोकने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का लिया गया। उन्होंने नियद नेल्लानार के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत जिले के चिन्हांकित ग्रामों में स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने जिला स्तरीय अधिकारियों से कार्य के प्रगति का समीक्षा किया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन, खेल मैदान, लाईब्रेरी और उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ममगाई ने नियद नेल्लानार अंतर्गत आने वाले ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, शिविर लगाकर राशन, आधार, आयुष्मान कार्ड और श्रम कार्ड बनाने निर्देशित किये। उन्होंने नलजल योजना के तहत् घर-घर तक पानी पहुंचाने समीक्षा किया गया। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावासों के नोडल अधिकारियों को प्रतिमाह निरीक्षण कर प्रतिवेदन समय सीमा में प्रस्तुत करने निर्देशित किये हैं। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित किसान सम्मान निधि से कृषकों को लाभान्वित करने, उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खरीफ वर्ष 2024 में राजस्व ग्राम अंतर्गत वनाधिकार कृषकों पट्टा वितरण कराने, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए आवेदनों का शीघ्र निराकरण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा धान उठाव एवं बारदाने की समीक्षा की गई। गत् दिवस भ्रमण के दौरान ग्राम कच्चापाल के दिव्यांगजन कलेक्टर से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की मांग किया था, उन्हे समय सीमा की बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने वाले ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत जिले के आत्म समर्पित नक्सली और नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने तथा पुनर्वास योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिले के आपदा पीड़ित परिवारों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कराने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण के तहत् किए जाए रहे अधुरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनांतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति का समीक्षा किया। जिले के विद्यार्थीयों का शतप्रतिशत जाति निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किए। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत् नियद नेल्लानार संचालित गांवों में ग्रमीणों को लाभान्वित करें। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में हितग्राहियों को चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित करने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की रिक्त पदों पर नियुक्ति करने, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के लाभार्थियों को राशि उपलब्ध कराने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किये। उन्होंने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक राशन कार्ड धारियों का ईकेवाईसी कराने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया।

# प्रिया ट्रेडर्स द्वारा मेगा मीट का किया गया आयोजन देश भर के टॉप ब्रांड के अधिकारी भी पहुंचे

पायनियर संवाददाता ✓ कोंडागांव
www.dailypioneer.com






कोंडागांव प्रिया ट्रेडर्स द्वारा मेगा मीट 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिया ट्रेडर्स के प्रॉप्रेटर हितेन घोष ने यह आयोजन कोंडागांव जिले के सभी कारपेंटर, पेंटर्स और प्लंबर्स के लिए आयोजन किया था, जिसमे इन्हीने नयी रिवॉर्ड स्कीम लांच किया जहां पर ब्लूटूथ हेड सेट से लेकर रॉयल एनफ़्लील्ड मोटर बाइक तक इनाम देने की घोषणा की। मेगा मीट के इस कार्यक्रम में देश भर के टॉप ब्रांड जैसे अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशन, अमेरिकन स्टैण्डर्ड, ग्रोह, आशीर्वाद, बिरला ओपस, जॉनसन बाथ वेयर, ओसकर प्लाईवुड, विवरे पैनल्स, स्टैनले, रिबेका लेमिनेट्स, ब्रांड के सभी टेरिटरी हेड, टी.एस.ओ, सेल्स ऑफिसर, ट्रेनिंग मैनेजर, सेल्स एसोसिएट्स, डिप्टी मैंजर उपस्थित रहें। इस अवसर पर उपस्थित सभी पेंटर्स, कारपेंटर्स व प्लमर्स भाईयो को एवार्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्रांड के ऑफिसर्स डावरा प्रोडक्ट डेमो, प्रेजेंटेशन और प्रोडक्ट्स की जानकारी दी गई, जिसमे सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि व ब्रांड पार्टनर्स के सभी ऑफिसर्स के सारगर्भित अभिभाषण ने उपस्थित समस्तजनों को प्रेरित किया।

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण की कटौती को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई आरक्षण व्यवस्था के तहत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में की गई कटौती के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के द्वारा स्थानीय गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेसियो ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि जब पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है तो बीजेपी कह रही है कि वह अनारक्षित वर्ग की आधा सीटों में पिछड़ा वर्ग को लड़ायेंगे। पहले पिछड़ों के संवैधानिक अधिकार में डाका डाला। अब जले पर नमक छिड़क रहे हैं। अनारक्षित सीटों पर तो सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी कोई भी लड़ सकता है और जहां पर जैसी परिस्थिति होती है लोग लड़ते हैं। इसमें भाजपा क्या अहसान कर रही है। भाजपा का पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा बेनकाब हो चुका है। बीजेपी सरकार ने जानबूझकर प्रदेश में वर्ग संघर्ष फैलाने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती करने का षड़यंत्र रचा है ताकि प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी चुनाव न लड़ सके। पहले तो यह कहा गया पिछड़ा वर्ग के लिये 50 प्रतिशत आरक्षण किया जायेगा, जब नियम बनाया तो पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण शून्य की स्थिति में पहुंच गया। पूरे प्रदेश में जिला पंचायत का एक भी अध्यक्ष पद



पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित नहीं हुआ है। भाजपाई बेशर्मीपूर्वक कहते हैं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस भ्रम फैला रही है, तो भाजपा के नेता और सरकार ही बता दें उनके नये आरक्षण प्रावधान में पिछड़ा वर्ग के लिये क्या व्यवस्था हुई है। पिछड़ा वर्ग का पंचायतों में आरक्षण कम क्यों हो गया। एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष पद में पिछड़ा वर्ग के लिये क्यो आरक्षण नहीं हुआ। भाजपा प्रदेश के आरक्षित वर्ग में वर्ग संघर्ष करवाने यह षड़यंत्र रचा है। इस दौरान विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व अध्यक्ष दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड मोहन लालवानी, पूर्व अध्यक्ष दुग्ध महासंघ विपिन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निशु चंद्राकर, कुरुद नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष घामेश्वरी साहू, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, एल एल ध्रुव, करण चंद्राकर, महामंत्री प्रदेश महिला कांग्रेस सूर्यप्रभा चेटीयार, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, योगेश लाल, पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, कविता साहू, अजय वर्मा, देवव्रत साहू, उत्तम साहू, दुर्गेश नंदिनी साहू, रमेश पांडे, मनोज साक्षी, मीना बंजारे, प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, गुड्डा दीवान, तारिक रज़ा कादरी, आशुतोष खरे, अंबर चंद्राकर, वातंजलि गोस्वामी, पवन यादव, सूरज पासवान, देवेन्द्र देवांगन, दीपक साहू, गौतम वाधवानी, अनिता ठाकुर, सबीना अंजुम, संजू साहू, मिथलेश साहू, रुद्रा साहू, अजय सिन्हा, प्रवीण नामदेव, वीरू महाजन, जित्तू साहू, तोमेश साहू, गनेश्वरी कामड़े, शेख सोहेल, बलवंत गायकवाड़, भागी ध्रुव, प्रमिला कोसरे, दिनेश यादव, राकेश मौर्य, नमन बंजारे, धर्मेंद्र पटेल, कृष्णा लहरे, त्रिभुवन मंडावी, पुरण सोनी, तेजप्रताप साहू, अन्नू कुर्रे, रंजन साहू, फराज चिस्ती, वासिम खिलची, सुनील सिन्हा, नोमेश सिन्हा, भागी निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आमदी नगर पंचायत के लिए राजेन्द्र सोनी को बनाया गया पर्यवेक्षक

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी जोर पकड़ने लगी है। टिकट वितरण की प्रक्रिया के लिए सभी दल अपने अपने पर्यवेक्षक नियुक्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने धमतरी जिले की पांचों नगर पंचायत से अपने पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए है, जिसमे आमदी नगर पंचायत की जवाबदारी नगरी के पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी राजेंद्र सोनी सोनी को सौंपी गई है। इसी तरह कुरुद निशु चंद्राकर, भखारा मोहन लालवानी, मगरलोड तारिनी चंद्राकर, नगरी आनंद पवार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन्हें पार्टी ने निर्देश दिया है कि अपने नगरीय निकाय क्षेत्र का तत्काल दौरा कर कांग्रेस कमेटी के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी तथा वार्ड समितियों से आपसी समन्वय बनाकर दावेदारों से प्राप्त आवेदनो पर चर्चा करते हुए सहमति बनाकर जीतने योग्य प्रत्याशी का नाम प्राथमिकता क्रम के अनुसार आवेदन की मूल प्रति प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेंगे।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी तक

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी तक है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे अविवाहित महिला/पुरूष, जिनका जन्म एक जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य हुआ है, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र हैं। आवेदक किसी भी केन्द्रीय अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12 वीं 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए, ऐसे सभी आवेदक वायुसेना में अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए ऑनलइार्न आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी और ऑनलाईन पंजीयन हेतु शासन की वेबसाईट https://agnipath-vayu.cdac.in पर लॉगिन कर सकते हैं।

## नवकार महिला मंडल ने शाकाहार बनने किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

नवकार महिला मंडल अपने लक्ष्य को पूरा करते हुए सभी स्कूलों आंगनबाड़ी और अन्य स्थानों पर शुद्ध आहार शाकाहार एवं मांस मदिरा और शराब तन को करता है खराब इस नारा से सभी स्कूलों में आंगनबाड़ियों में एवं अन्य स्थलों में जाकर अपना उद्देश्य देती है और लोगों को शाकाहार बनने के लिए प्रेरित करती है। विशेष रूप से स्कूलों में बच्चों को प्रेरित किया जाता है। अध्यक्ष संतोष मिनी का कहना है कि बच्चे कच्ची गीली मिट्टी की तरह होते हैं। मिट्टी को जिस तरह आकार देते हैं उस तरह के



आकार की वह बन जाती है। ठीक उसी तरह बच्चों को यदि जिस तरह ढाला जाए जिस तरह के संस्कार मिलते हैं बच्चे उसी तरह रम जाते हैं। बच्चों को संस्कारित करना और उन्हें अच्छी शिक्षा देना एक शिक्षक एवं माता.पिता का कर्तव्य होता है। इसी उद्देश्य को लेकर नवकार महिला मंडल विशेष रूप से स्कूलों में जाकर अपना उद्बोधन देती है और उन्हें शाकाहार बनने के लिए प्रेरित करती है। अब तक नवकार महिला मंडल ने 134 बच्चों को शाकाहार बनाया है। इसमें हाटकेश्वर स्कूल शासकीय प्राथमिक एवं आंगनबाड़ी के 12 बच्चे शाकाहार बने। उन्हें मंडल की तरफ से उपहार भेंट किया गया और अन्य बच्चों को प्रेषित किए हैं कि जो भी शाकाहार बनते हैं उन्हें मंडल अपनी तरफ से सम्मान करेगा। इस दौरान मंडल सभी स्कूलों में आंगनबाड़ियों में तिल लडडू, खजूर, करी लडडू, चॉकलेट, बिस्किट, टॉफी आदि का बच्चों को वितरण करती है। इस अवसर पर संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, इदू जैन, सरिता, दीपा, संजू, अंजलि जैन, नीता लोढ़ा, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, सुमन छाजेड़, बिंदु ओसवाल एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदा बाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवस की विशेष शिविर ग्राम-मोहतरा में 6 से 12 जनवरी तक संचालित हुआ इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाओं द्वारा गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव की गलियों, गौठान, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालय परिसर की साफसफाई की गई तथा नशा मुक्ति से संबंधित संदेशों का दीवार लेखन किया गया स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रत्येक दिवस रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में निरक्षरता, स्वच्छता, बाल विवाह, अंधविश्वास से संबंधित नाटक का मंचन किया गया साथ ही छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गई शिविर के अंतिम दिवस में समापन के अवसर पर सरपंच ईश्वरी साहू द्वारा समस्त स्वयं



सेविकाओं को मेडल के साथ प्रमाण पत्र तथा ग्रुप लीडर को मोमेंटो भेंट की गई साथ ही महाविद्यालय को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा तथा अन्य अतिथियों एवं स्वयंसेविकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए सामुदायिक महत्त्व के बारे में बताते हुए स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया सरपंच ईश्वरी संतोष साहू जी के द्वारा शिविर आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता हेतु जागृत करने के लिए समस्त स्वयं सेविकाओं को बधाई दी समापन कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी रोशनी लता राकेश ने सरपंच एवं ग्रामीणों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया इस अवसर पर ग्राम मोहतरा के सरपंच, पंच, प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा, जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी, डॉ. कल्पना उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व छात्राएं एवं 55 से शिविरार्थि सम्मिलित थे सप्त दिवसीय शिविर की अध्यक्ष कुमारी ढालेश्वरी निषाद थी।

## अंतराज्यीय आरोपी की गिरफ्तारी में अमूल्य योगदान देने वाले अधिकारियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

13 जनवरी को जिला बलौदाबाजार-पुलिस टीम द्वारा आरपीएफ भाटापारा एवं रायपुर के अमूल्य सहयोग से सर्किट हाउस भाटापारा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी जगदीश वर्मा को पकड़ा गया है। इस दौरान आरोपी जगदीश वर्मा एवं उसके पास रखे गए 02 बैग एवं एक ट्रॉली सूटकेस से अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ 1,88,060 कीमत मूल्य का 18.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा एक मोबाइल जप्त किया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 40/2025 धारा 20B NDPS एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के



समक्ष प्रस्तुत किया गया। एक अंतराज्यीय अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले आरपीएफ रायपुर एवं भाटापारा के अधिकारी/ कर्मचारियों के कार्यो की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 15.01.2025 को पुलिस कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर इन्हें सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला आरपीएफ भाटापारा, प्रधान आरक्षक हुकुम सिंह सोलंकी आरपीएफ रायपुर, प्रधान आरक्षक विधिचंद बंजारे आरपीएफ रायपुर।

## जिले में उद्योग को प्रोत्साहित करने बेहतर माहौल बनाएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में उद्योग को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने बेहतर वातावरण बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि उद्योग, राजस्व, खनिज, श्रम एवं औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। सयंत्रो में भी किसी शिकायत आदि की जाँच संयुक्त रूप से करें। शिकायत जांच के नाम पर सयंत्रो के काम में व्यवधान न हो। उन्होंने स्कूल एवं अस्पतालों में साफ सफाई के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने कहा। विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति की लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्यालय में उपलब्ध रिक्त पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव पर सहमति लेकर




### अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने रबी सीजन में किसानों को धान के आलावा अन्य फसल की खेती के लिए प्रोत्साहित करने कृषि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर किसानों के साथ बैठक करने कहा। उन्होंने कहा कि पलारी क्षेत्र में संसाधन विभाग द्वारा खेती के लिए बलार जलाशय से पानी दिया जाएगा। इस पानी का उपयोग किसानों को फसल परिवर्तन के लिए कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, पीजीएन, कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण,राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, भूपेंद्र कुमार अग्रवाल, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## यादव समाज को मंत्रिमंडल विस्तार में प्रतिनिधित्व दिया जाए : यादव महासभा

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग 30 लाख की आबादी वाले यादव समाज को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग करते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नडडा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह को ज्ञापन प्रेषित कर छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आरएसएस प्रमुख बिसराराम यादव के सुपुत्र दुर्ग के लोकप्रिय विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग की है। मंत्रिमंडल गठन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने कहा है की प्रदेश में यादव समाज की बहुलता को देखते हुए भाजपा सरकार यादव समाज को कैबिनेट व विभिन्न निगम मंडल आयोग में समाज के नेताओं को प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता है। पिछड़ा वर्ग के कुल जनसंख्या में दूसरे स्थान पर यादव समाज की आबादी लगभग 30 लाख है। यादव समाज के उत्थान और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

## संकूल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के संकुल केंद्र पझरापाली में विगत दिनों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अगुवाई में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया। जिसमें संकुल के सभी विद्यालयों के 500 विद्यार्थी समिति सदस्य, पालक, शिक्षक, रसोइया व स्वीपर शामिल हुए। सभी विद्यालय का मध्यान्ह भोजन एक साथ क्रीड़ा स्थल में बनाया गया। समिति के द्वारा हाई स्कूल के विद्यार्थियों को नेवता भोज भी कराया गया। साथ ही समिति द्वारा शिक्षक, पालक व दर्शकों के



लिए भी भोजन की व्यवस्था रखी गई। कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए महिलाएं भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लिए। सभी बच्चे उत्साहित होकर खेल में भाग लिए। खेलों में मुख्य रूप से दौड़, ऊची कूद, गोला फेंक, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरा दौड़, फुग़ड़ी, खो-खो, कबडडी आदि रखा गया। भोजन व्यवस्था में ग्रामीण जनों का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हाई स्कूल से हरिशंकर नेटी, विधायक प्रतिनिधि दिवाकर नेताम, प्राथमिक शाला से उद्धव सिंह जगत ,उच्च प्राथमिक शाला पझरापाली से कौशिक साहू, उच्च प्राथमिक शाला भालूकोना से भागीरथी यादव, प्राथमिक शाला भालूकोना से खिरोद्र निर्मलकर, प्राथमिक शाला गिधामुण्डा से प्रहल्लाद सिदार, प्राथमिक शाला बेलडीह पठार से उत्तर कुमार ओगरे, प्राथमिक शाला बेलडीह पठार से सिया दास, प्राथमिक शाला जटाकन्हार से ओमप्रकाश परेश्वर, हाई स्कूल पझरापाली के पूर्व अध्यक्ष सीताराम सिदार, उपाध्यक्ष गिरधारी ओगरे, सरपंच ग्राम पंचायत पझरापाली से वृंदावन डडसेना,लमकेनी से कल्पना जगत, राजाडीह से चितरंजन प्रधान उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, भाजपा से संजय शर्मा, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर आमंत्रित थे। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्रभारी रवि कुमार साहू द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु शाला प्रबंधन एवं विकास समिति समस्त, शिक्षकों, पालकों बालकों व ग्रामीण जनों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया। तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सभी के सहयोग की अपेक्षा की गई।

## नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में पटेल मरार समाज ने मनाई हर्शोल्लास शाकंभरी जयंती

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार नगर के पुरानी बस्ती मॉवली मंदिर चौंक में मरार समाज के आराध्य देवी मां शाकंभरी देवी की जयंती हर्शोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशेश रूप से समाज के प्रदेशअध्यक्ष बी आर पटेल, केशव पटेल, तहसीलदार राजू पटेल, समाज प्रमुख संतोश पटेल, रामकुमार पटेल, भूपेन्द्र पटेल, घनश्याम पटेल, टीकाराम यादव, दीपक पटेल, सतीश पटेल, विनोद पटेल, सुधराम पटेल, चन्द्र विकास पटेल, माधव, राघव, छोटेलाल, राकेश पटेल, रामद याल पटेल, अनुप पटेल, डिकेश, उत्तम






पटेल, देवकराम पटेल सहित मातृ शक्तियां काफी संख्या में उपस्थित थी। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना की गई। वहीं अतिथियों के अलावा समाज प्रमुखों के द्वारा सम्बोधित करते हुए मां शाकम्भरी की महत्ता एवं समाजिक एकता एवं विकास पर बल दियागया। उल्लेखनीय है कि पटेल समाज द्वारा प्रति वर्श नगर में शाकम्भरी जयंती बडी धूमधाम से मनाया जाता हैं। बडी संख्या में समाज के सदस्य कुलदेवी मां शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना अनुश्ठान एवं प्रसाद वितरण कर समस्त मानव जीवन में सुख समृद्धि एवं एकता की कामना करते है। इसी प्रकार गंगा नदी (महानदी) के तट पर स्थित ग्राम सिरियाडीह जिला बलौदाबाजार में मरार समाज के आराध्य देवी मां शाकंभरी देवी की जयंती हर्शोल्लास के साथ मनाई गई। गांव में महिलाएं कलश यात्रा के साथ भजन कीर्तन करते हुए पूरे ग्राम सिरियाडीह में भ्रमण किया। कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष बरत राम पटेल, छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ केशव प्रसाद पटेल, सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ सुरेश पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता परिक्षेत्र अध्यक्ष चदराम पटेल, उपाध्यक्ष रेशम लाल पटेल, जिला सदस्य मोहनलाल पटेल, टेटपाल पटेल, शिव कुमार पटेल, चदूराम पटेल, केजाऊ राम पटेल, योगेश कुमार पटेल, हरी राम पटेल, अशोक पटेल, सुखनंदन पटेल, दीपक पटेल, रोशन पटेल, मेलाराम पटेल, झूमुक लाल पटेल, शत्रुघ्न लाल पटेल, छोटेलाल पटेल, विशाल पटेल, सुनीता पटेल, मानकी पटेल, चंद्रिका पटेल, राहीन पटेल, रामेश्वरी पटेल, गंगाबाई पटेल एवं परिक्षेत्र के समस्त प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम को बरतराम पटेल, चंदराम पटेल, सुरेश पटेल ने सम्बोधित करते हुए सुख शांति एवं समृद्धि के लिए माँ से प्रार्थना किये।

## सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बन रहे आवासों का किया निरीक्षण

### गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप निर्माण के निर्देश

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी, रवान एवं भरसेली में बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से घर- घर जाकर आवास निर्माण के सम्बन्ध में चर्चा किया और उप अभियंता, तकनीकी सहायक, आवास मित्र को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड के अनुरूप आवास निर्माण कार्य किए जाने के साथ ही साथ रोजगार सहायकों को 90 दिवस की मजदूरी मनरेगा के तहत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से भी उनके द्वारा किये जा रहे गतिविधियों के संबंध मे चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान सी ईओ जनपद पंचायत बलौदाबाजार फकीर चरण पटेल, आवास समन्वयक दुर्गाचरण डनसेना, विकासखण्ड समन्वयक सुपूजा केरकेट्टा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, आवास मित्र, सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# सांसद प्रतिनिधियों ने किया अम्लेश्वर नगर में करोड़ो के विकास कार्य का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर में 365.36 लाख रुपए से 36 विकास कार्यों का भूमि पूजन 13 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि हर्षा लोकमनी चंद्राकर रहे। अध्यक्षता अम्लेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में सुरेंद्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण युवा मोर्चा, मंडल महामंत्री कैलाश यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, फेरहा राम धीवर, डॉ आलोक पाल नगर अध्यक्ष, रामावतार साहू, जनपद सदस्य रेवती सोनकर,पूर्व जनपद टिका राम साहू,विनय चंद्राकर, मनबोध साहू रहे। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर राजकीय गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का फूलमाला से स्वागत सत्कार किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगा रंग की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता ने दिया उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सांसद



विजय बघेल के मार्ग दर्शन में नगर का विकास किया जा रहा है।साथ ही जनकल्याणकारी योजना नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भूमिपूजन के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि छेर छेरा पुन्नी में देय के विधान है इस लिए करोड़ों के विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। अम्लेश्वर नगर को सांसद विजय बघेल के मार्ग दर्शन में सौगात मिला है। उन्होंने कहा आज पूरे छत्तीसगढ में 70 लाख महिलाओं को विष्णु देव के सरकार महतारी वंदन योजना की राशि 1000 रु दे रही है जो नारी शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत करने के काम कर रही है। कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष डॉ आलोक पाल, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर, मंडल महामंत्री कैलाश यादव, जनपद सदस्य रेवती दयानंद सोनकर भी संबोधित किया रामाधार साहू ने कहा कार्यक्रम स्थल के बाजू में तालाब है जिसे शासकीय करण कराने भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने रुचि नहीं ली जिसे ग्राम डीह सियान प्रमुखो के द्वारा कराया गया, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर युवा नेता धर्मेंद्र सोनकर, दयानंद सोनकर, दुर्गेश सोनू साहू, रामाधार साहू, हीरा लाल साहू, सुखदेव साहू, शिवा साहू, राहुल साहू, कुमार साहू, मनोहर साहू, मनबोध साहू, चैन सिंह साहू,संतराम साहू, तम्रधावज साहू, नोहर साहू, सुमित साहू, गायत्री साहू, हेमा साहू, लक्ष्मी देवांगन,भारती यादव, सुनीता साहू, रूपेंद्र साहू, नंद कुमार साहू, कृति यादव, कुलदीप वैष्णव, सुमित टिकरिहा, सोहन साहू, ऋषि निषाद, ओमप्रकाश साहू,ईश्वरी यादव,सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और नगर वासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। पूरे व्यवस्था का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशानुसार उपाभियंता प्रवीन साहू, डालेंद्र ठाकुर सहित पालिका परिषद के अन्य अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किया गया।

# नागरिक जागरूक नहीं हुए तो अपना मूल्य खो देगा हमारा संविधान : प्रो. आरिफ

- पार्क फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ और सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई की ओर से शिक्षाविद् प्रो. आरिफका हुआ व्याख्यान, आज के दौर को बताया संविधान के लिए सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




पार्क फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ और सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई की ओर से संविधान के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन सुपेला कॉफी हाउस में रखा गया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे शिक्षाविद् मोहम्मद आरिफ ने इस दौरान भारतीय संविधान के निर्माण का इतिहास बताते हुए इससे जुड़े कई रोचक तथ्यों का खुलासा किया। उन्होंने आज के दौर को संविधान के लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण बताते हुए 26 नवंबर 1949 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान सभा में दिए उद्बोधन का विशेष रूप से उल्लेख किया। नागरिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध पूरे देश में सम्मानित शिक्षाविद, अध्येता इतिहासकार प्रोफेसर आरिफने यहां 'संविधान एवं भारत की संकल्पना' विषय पर सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान प्रजा से नागरिक बनने की प्रक्रिया का अहम दस्तावेज है और यह कड़े संघर्ष और अनगिनत बलिदान से हासिल आज़ादी को गणतंत्र में स्थापित करने का अहम पड़ाव है। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद हमारा संविधान तमाम तैयारियों के बाद बनाया गया लेकिन इसके पहले ब्रिटिश काल में 1934 में वामपंथी नेता एमएन राय ने एक ड्राफ्ट तैयार किया था। जिसमें देश की भविष्य की शासन प्रणाली का खाका तैयार किया गया था। हालांकि तब महात्मा गांधी व अन्य प्रमुख नेताओं ने इसे समय से आगे का दस्तावेज बताया था और इस पर आज भी ज्यादा चर्चा नहीं होती है। प्रो. आरिफ ने इस बात का उल्लेख किया कि डॉ. अम्बेडकर ने संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 को खास तौर पर जोर देते हुए कहा था कि हमारा संविधान कितना भी बेहतर हो, अगर इसे लागू करने वालों की नीयत सही नहीं होगी तो हमारा यह संविधान अपना मूल्य खो देगा। इसलिए जरूरत नागरिकों को और ज्यादा जागरूक रहने की है। आज नागरिकों को ऐसे लोगों को चुनना होगा, जो हमारे संविधान को ईमानदारी से लागू करवा सके।

# 318 हितग्राहियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास (ए.एच.पी.) योजना के अंतर्गत 318 हितग्राही जिनके द्वारा आबंटित मकान की पुरी किश्त जमा कर दी गई थी। ऐसे हितग्राहियो को सूर्य विहार के पीछे खम्हरिया 493 युनिट में मकान प्रदान किया गया। दुर्ग लोकसभा सांसद, वैशाली नगर विधायक, महापौर एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा पहले जाकर प्रधानमंत्री आवास में जाकर मकान का निरीक्षण किया गया। उसके पश्चात मकान की चाबी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सांसद विजय बद्येल ने कहा कि हमे बहुत खुशी है, कि इस पवित्र तिथि पर अपने शहर के नागरिको को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान



करते हुए यह मेरे लिए बहुत शुभ अवसर है। विधायक रिकेश सेन ने अपने उद्बोधन में कहा प्रधानमंत्री का सपना है, कि सबके पास मकान हो। जिसमें अपने परिवार सहित खुशहाल जीवन जी सकें, यह योजना सबके लिए लाभकारी है। महापौर नीरज पाल ने अपने उद्बोधन में कहा मकान प्राप्त करने के बाद चारो-तरफ स्वच्छता बनाये रखना। साफ -सफाई रखना सबका कर्तव्य है, जिससे आपकी कालोनी अच्छ कालोनी कहलाये। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि आपका अपना मकान होगा। जिस पर खुद का अधिकार होगा, आपके पास प्रमाण पत्र होगा जिससे अधिकार पूर्वक बता सकते है यह हमारा मकान है। सबके बीच में रूखमणी देवांगन 62 वर्षीय महिला ने अपनी भावनाओ को व्यक्त करते हुए कहा किराये के मकान में हमारा दिन कट रहा था। मन में यही सपना था, कि हमारा खुद का मकान हो, मेरे नाम का मकान हो, मुझे बहुत अच्छे लोकेशन पर हमारे उम्र का खयाल रखते हुए हमे नीचे का मकान मिला है।

# अधिकारी समस्या की अनसुनी करे तो संपर्क करें विधायक : ललित

## ऑटो चालक पिता ने मासूम बेटे से निकलवाया प्रधानमंत्री आवास के लिए लॉटरी

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

किसी भी तरह की समस्या हो तो निगम के अधिकारी से मिले। समस्या का समाधान या अनदेखी करने पर नागरिक सीधे मुझसे संपर्क करे। उक्त बातें उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व दुर्ग ग्रामिण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। रिसाली निगम के सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री आवास आवंटन कार्यक्रम के वे मुख्य अतिथि थे। उनकी मौजूदगी में ही रूआबांधा निवासी रामबाबू साहू ने प्रदिप्ती नगर स्थित आवास के लिए 2 वर्ष के बेटे से लॉटरी निकलवाया। उसे बी ब्लॉक सेकेण्ड फ्लोस में 18 नं. का आवास मिला। लॉटरी से आवास आवंटन के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन की



सरकार में प्रधानमंत्री आवास को पहले पायदान पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व दुर्ग ग्रामीण के नगपुरा ग्राम में केन्द्रीय मंत्री शिवराज चैहान आए थे। प्रधानमंत्री आवास 2.0 में कुछ विषंगति की ओर ध्यान दिलाते सुगम करने के अनुरोध को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। अब जिनके पास 2.50 एकड़ जमीन है चाहे वह सिंचित हो या असिंचित, जिनके पास गाड़ी है उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। जिनकी आय 10 है अब 15 हजार कमा रहा है उसे भी आवास मिलेगा। विधायक ललित ने कहा कि मोदी की पहल पर 70 प्लस वालों को 5 लाख का मुफ्त ईलाज सुविधा मिल रहा है। कार्यक्रम को महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ.सीमा साहू, परमेश्वर, पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

# 48 पसरा लगाने वालों को मिला चबुतरा अब सड़क किनारे पसरा लगाने से मिली मुक्ति

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

सड़क किनारे पसरा लगाकर सामान बेचने से फुटकर व्यापारियों को छुटकारा मिल गया। नगर पालिक निगम रिसाली ने मौहारी मरोदा में बने (पौनी पसारी) चबुतरा का आवंटन किया। आवंटन लॉटरी निकालकर किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर विशेष रूप से उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि डबल इंजन वाली सरकार किसान से लेकर फुटकर व्यापारी तक के जीवन यापन के लिए सोचती है। यही वजह है कि आज फुटकर व्यापारियों को सम्मान के साथ व्यापार करने चबुतरा दिया जा रहा है। मौहारी मरोदा में चबुतरा आवंटन के लिए हितग्राहियों ने अतिथियों की उपस्थिति में लॉटरी



निकालकर चबुतरा अपने नाम किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ.सीमा साहू, परमेश्वर, पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे। जाम से मिलेगी मुक्ति-वर्तमान में फाटक के किनारे सड़क पर लोग पसरा लगाकर व्यापार करते थे। यही वजह है कि कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जाम और दुर्घटना से बचने आयुक्त मोनिका वर्मा ने सर्वे पश्चात फुटकर व्यापारियों से आवेदन मांगे थे।

# दाई-दीदी क्लिनिक में निःशुल्क ईलाज कराकर महिलाएं स्वास्थ्य सुविधा का ले रही है लाभ




पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक में केवल महिलाओं का इलाज किया जाता है, जो अपने आप में एक मिसाल है। सभी प्रकार के इलाज, 18 प्रकार का निशुल्क जांच एवं निःशुल्क दवा वितरित की जाती है। वहीं जांच करने के लिए सब लोग पैथोलॉजी लैब में जाते हैं हजारों पैसा खर्च होता है, वह शासन द्वारा प्रदाय सुविधा के अनुसार सुगम-सुलभ निःशुल्क होता है। सुबह जांच करावो साम तक फोन के माध्यम से जानकारी मिल जाती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दाई-दीदी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करने गए। निर्देश दिए की दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाने से पहले स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को पहले से सूचना देने के लिए कहे। जिससे सबको पता हो कि हमारे वार्ड में कहां पर दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल क्लिनिक लग रहा है। इससे अधिकतम लोगो को शासन के सुविधा का लाभ मिलेगा। आयुक्त पाण्डेय को बुर्जुग महिला प्रेमी भाई 62 वर्षीय कोसानाला में मिली उसका स्वास्थ्य खराब था, उसे दाई-दीदी क्लीनिक में ले जाकर जांच कराकर ईलाज करवाये और उसको घर तक छोड़े। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशांन शर्मा जानकारी भी प्राप्त किए की दवाई बराबर आ रही कि नहीं। उन्होने बताया कि अभी पूरी दवाई मिल रही है हम सबको वितरित कर रहे हैं।

# धान खरीदी के अंतिम पन्द्रह दिवस फर्जी बिक्री पर नजर रखें अधिकारी : कलेक्टर

- उपार्जन केन्द्रों के सत्यापन पश्चात् पाई गई कमियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

31 जनवरी तक धान खरीदी किया जाना है। धान खरीदी हेतु पन्द्रह दिवस शेष है, इन अंतिम दिवसों में उपार्जन केन्द्रों में फर्जी तरीके से धान की बिक्री न होने पाए, इस पर अधिकारी कड़ी नजर रखें। उन्होंने धान की रीसाइक्लिंन एवं फर्जी बिक्री होने की स्थिति में संबंधित एसडीएम को तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया है। कलेक्टर चौधरी कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों एवं अन्य विभागीय गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान उपार्जन केन्द्रों के सत्यापन की जानकारी ली। खाद्य निरीक्षक ने



अवगत कराया कि जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों के धान स्टॉक का भौतिक सत्यापन, नियुक्त अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। 78 धान उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 06 उपार्जन केन्द्र क्रमशः बोरीगारका, बोरी, हिर्री, टेमरी, दनिया एवं पाहंदा के स्टॉक में अंतर पाया गया है। इस पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की गई हैं। कलेक्टर चौधरी ने जांच दलों को सावधानीपूर्वक स्टॉक सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर चौधरी ने विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अनुकम्पा नियुक्ति पर जोर देते हुए अधिकारियों को विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरण निपटाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग में जो पद उपलब्ध है, इसकी लिखित जानकारी आवेदक को सूचित किया जाए। यदि आवेदक उक्त पद में काम करने के इच्छुक नहीं है तो प्रकरण समाप्त किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि विभागों में स्थापना से संबंधित एवं अन्य देनदारियां आबंटन की अभाव में लंबित नहीं होना चाहिए। अधिकारी संबंधित उच्च विभाग को सूचित करें और आबंटन प्राप्त कर देनदारियां निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार लम्बे समय से कार्यालय में अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही होना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभाग से संबंधित लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अब तक की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# शिशु संरक्षण माह अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक, शिशु संरक्षण माह द्वितीय चरण 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com






कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम अंतर्गत 21 जनवरी 2025 से शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण के साथ ही सिरप विटामिन (09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को हर 6 माह में 1 बार) पिलाया जाएगा तथा आईएफए सिरप (06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 2 बार) 1-1 मिली लगातार 6 माह तक घर पर पिलाये जाने हेतु माताओं को दिया जाएगा, जिसकी नियमित निगरानी मितानिनों के माध्यम से की जाएगी। बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच तथा उन्हें पोषण आहार की सलाह के साथ-साथ अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी रेफर किया जाएगा व मध्यम कुपोषित बच्चों हेतु माताओं को आहार की सलाह दी जाएगी। कलेक्टर चौधरी द्वारा शिशु संरक्षण माह जनवरी-फरवरी 2025 को सफल बनाने हेतु जिला टीकाकरण अधिकारी को कार्ययोजना व ड्यू लिस्ट तैयार करवाने तथा जिला व ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग करने हेतु नगर निगम आयुक्त, अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन को प्रशिक्षण में घर-घर भ्रमण करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान में सम्मिलित करने बाबत् मोबिलाईज कर लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले में इस कार्यक्रम अंतर्गत 172773 बच्चों को आईएफए सिरप तथा 163175 बच्चों को विटामिन(ए) सिरप पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, वन मंडलाधिकारी चन्द्रशेखर परदेशी, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, दुर्ग नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग एच.एस. मिरी, अनुविभागीय अधिकारी धमधा डेविड, अनुविभागीय अधिकारी पाटन लवकेश ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एच. के. साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, हास्पिटल कंसल्टेंट, आरएमएनसीएच ए कंसल्टेंट, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य जिला स्तर के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

## पात्र हितग्राहियों को मिलें पक्के मकान, हितग्राही जता रहे है सरकार का आभार

# प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियो की लॉटरी निकाल कर किया

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज जिला कलेक्टर व निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के दिशा निर्देश पर 28 पात्र हितग्राहियों को योजना के नोडल एवं कार्यपालन अधिकारी दिनेश नेताम द्वारा लॉटरी निकलकर आवास आबंटन किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से कई परिवारों की जिंदगी बदल रही है। केंद्र और राज्य सरकार की मंशानुरूप समाज के हर नागरिक तक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे समाज के हर वर्ग का समुचित विकास हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना से अब हर व्यक्ति का पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। इससे शहर क्षेत्र के पात्र हितग्राही बहुत खुश हैं और सरकार का आभार जता रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 28 हितग्राहियो की लॉटरी निकाल कर मकान आवंटन किया, प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत आज 28 आवासो का नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर कार्यालय परिसर में खुली लाटरी पद्धति से आवासो को आबंटित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर आस हेतु 26.7.2024 से 14 -1-2025 तक आवेदन किए गए प्राप्त जमा राशि अनुसार हितग्राही जिसमें गणपति विहार, सरस्वती नगर, गोकुल नगर पुलगांव तथा मां कर्मा बोरसी हेतु कुल 28 हितग्राहीयों के लिए आज दिनांक 14 जनवरी 2025 को लॉटरी के माध्यम से भूतल, प्रथम तल तथा द्वितीय तल के आवासो का आवंटन किया गया। जिसमें गोकुल नगर पुलगांव हेतु 10 हितग्राही सरस्वती नगर हेतु 2 गणपति विहार हेतु 12 तथा माँ कर्मा हेतु तीन हितग्राहियों को लॉटरी निकाल कर मकान आवंटित किया गया।लॉटरी की इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नेताम, सीआईटीसी एक्सपर्ट सचिन, दीपक संचेती, प्रितेश वर्मा, रुक्मणी राजपूत, भीम सिंह तथा रामदास उपस्थित थे।प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी दिनेश नेताम के द्वारा लॉटरी कर मकान आबँटित किया गया।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड
(सीआईएन: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्कायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोन: +91 141 661 8800 फैक्स: +91 141 661 8861 | ईमेल: info@aavas.in | वेबसाइट: www.aavas.in
सार्वजनिक सूचना
कंपनी की धमतरी शाखा को नए स्थान पर स्थानांतरित करने की सूचना
यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की धमतरी शाखा इस सूचना की तारीख से तीन महीने बाद पहली मंजिल, बिंद्रा बिल्डिंग, म्यूनिसपल स्कूल चौक, रेसाई पारा पश्चिम वार्ड, बस्तर रोड, धमतरी-493773, छत्तीसगढ़ से दूसरी मंजिल, पीएचएन 33, पुराना जोधपुर वार्ड, न्यू अंबेटकर वार्ड, सोनकर प्लाजा, रुद्री रोड, धमतरी-493773, छत्तीसगढ़ स्थान पर स्थानांतरित कर दी जाएगी।
आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए
एसडी/-
शरद पाठक
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
दिनांक: 13 जनवरी 2025
स्थान: धमतरी

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
कब्जा नोटिस
जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के प्रभार के अध्यधीन होगा।


| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| राजकिशोर पासवान, चन्दा देवी जमानतदार : शम्भू सिंह खाता सं. LNRAI00618-190085273 | 8 जुलाई 2024 ₹ 588551/- 4 जुलाई 2024 | रावतभाटा में स्थित सम्पत्ति, जौहर नगर मेटल पार्क वार्ड, वार्ड नं. 09, पीएच नं. 100/28, खसरा नं. 356/2 का भाग, धरसिवा-2, तहसील व जिला-रायपुर (छत्तीसगढ) क्षेत्रफल 1029 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 13 जनवरी 2025 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 16-01-2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## संपादकीय

# महाकुंभ महान भारतीय विरासत

**महाकुंभ** भारत की एकता, विविधता तथा स्थाई आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। भारत में अनेक मेले और त्योहार होते हैं, पर महा कुंभ जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक आयोजन है जिसमें परिवर्तनशीलता, आधुनिकता, संस्कृति और मानवीय इच्छाशक्ति एकसाथ प्रदर्शित होती है। 13 जनवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शुरू हुआ महा कुंभ मेला, 2025 दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है जिसमें गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर करोड़ों भक्त एकत्र होते हैं। आशा है कि 45 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री एकत्र होंगे जिनमें 15 लाख विदेशी श्रृद्धालु भी शामिल हैं। महा कुंभ एक अत्यधिक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अवसर है जिसकी जड़ें प्राचीन हिंदू परंपराओं में निहित हैं। विश्वास किया जाता है कि त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान से कोई भी पापों से मुक्त होकर मोक्ष के मार्ग पर चलता है। यह विशाल आयोजन और वहां एकत्रित भारी संख्या में श्रृद्धालु भारत की स्थाई आध्यात्मिक विरासत का प्रमाण हैं तथा उसकी एकता और सांस्कृतिक ढांचे में विविधता का पर्याय हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महा कुंभ 'विश्वास, भक्ति और संस्कृति का पवित्र संगम है।' केन्द्रीय एजेंसियों के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार ने तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व व असाधारण संख्या को सुविधायें देने के व्यापक इंतजाम किए हैं। राज्य सरकार ने इस आयोजन के लिए 7000 करोड़ रुपये का बजट आबंटित किया है तथा सफाई, सुरक्षा और तकनीकी समन्वय पर जोर दिया है।



हालांकि किसी अन्य विशाल आयोजन की तरह महा कुंभ भी दुर्घटनाओं की आशंका से मुक्त नहीं है जिसमें खासकर अतीत में हुई भगदड़ जैसी घटना शामिल है। इससे निपटने के लिए खासकर महत्वपूर्ण स्नान तिथियों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थायें की गई हैं। राज्य सरकार ने सुरक्षा तथा चौबीसों घंटे व सातों दिन निगरानी के लिए एआई-सक्षम कैमरे, अंडरवाटर ड्रोन तथा पीएसी, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें तैनात की हैं। ये तीर्थयात्रियों व पानी की सुरक्षा पर नजर रखेंगी। भारत में पहली बार अपने किस्म की अद्यतन डिजिटल निगरानी व्यवस्था प्रयोग की जा रही है जिससे भीड़ प्रबंधन के साथ सुरक्षा का समन्वय किया गया है।


इस बार घाटों के विस्तार के साथ ही रिमोट जीवनरक्षक व्यवस्थायें प्रयोग की जा रही हैं जिनमें 700 नौकायें भी शामिल हैं। इनसे श्रृद्धालुओं के सहज आवागमन के साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। महा कुंभ में प्राचीन आध्यात्मिकता के साथ ही आधुनिक ढांचागत संरचना का उल्लेखनीय मेल देखने को मिलेगा। इस वर्ष के 'मेले' में यह समन्वय दिखेगा जिसमें अद्यतन तकनीकों का सनातन परंपराओं से मेल सामने आएगा। इस आयोजन में भक्तों, संतों और पर्यटकों का मेल होने से विश्वास एवं संस्कृति की धारा प्रवाहित होगी। पहले 'शाही स्नान' पौष पूर्णिमा पर 40 लाख से अधिक भक्तों ने संगम में स्नान किया। इस पवित्र स्नान के साथ 'मेले' की शुरुआत हुई जो आत्मा और शरीर को पवित्र करने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रृद्धालुओं का स्वागत करते हुए जोर दिया है कि यह आयोजन 'विविधता में एकता' का उत्सव है जो विश्वास एवं आधुनिकता को एकसाथ जोड़ता है। सुव्यवस्थित योजना तथा अडिग प्रतिबद्धता के साथ महा कुंभ 2025 एक महत्वपूर्ण प्रतीक के रूप में उपस्थित है जो आधुनिक तकनीकी प्रगति को समाहित करते हुए आध्यात्मिक जड़ों का सम्मान करने की भारतीय क्षमता का प्रतीक है। महा कुंभ करोड़ों लोगों को आध्यात्मिक शांति एवं सांस्कृतिक समृद्धि का परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करता है।

# भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षा

पिछले वर्षों में गणतंत्र दिवस पर अतिथियों की सूची से भारत की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षायें तथा राजनय व व्यावहारिकता में संतुलन स्पष्ट होता है।




भूपिंदर सिंह
(लेखक, पूर्व उपराज्यपाल हैं)

भारतीय संदर्भ में देखें तो गणतंत्र दिवस जैसे आयोजनों में विदेशी राज्य प्रमुखों को आमंत्रित करने की रणनीति द्विपक्षीय मित्रता और पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देने के साथ ही उससे आगे जाती दिखती है। इस वर्ष इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पराबोवो सुबिनातो गणतंत्र दिवस परेड में भारत के विशिष्ट अतिथि होंगे। पिछले वर्ष फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान विशिष्ट अतिथि थे। वे हडसन इंस्टीट्यूट के प्रमुख हैं जिसने 'भारत हमारा नया सर्वोत्तम मित्र' है की घोषणा की थी। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि फ्रांस उन विरल देशों में से एक था जिसने भारत के नाभिकीय परीक्षण की निन्दा नहीं की थी और वह बाद में भारत को नाभिकीय ईंधन व रिएक्टर सप्लाई करने वाला एक प्रमुख देश बन गया था। उसने संयुक्त राष्ट्रसंघ् । सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की पैरोकारी करते हुए राफेल लड़ाकू विमानों व स्कारपीन पनडुब्बियों जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक रक्षा प्लेटफार्म उसे उपलब्ध कराए हैं। मैक्रान के पहले मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फत्तेह अलसीसी विशिष्ट अतिथि बने थे। यह एक प्रकार से नेहरू-नासिर युग की स्मृतियां याद करने की तरह था और उनकी यात्रा 'उम्मा' यानी इस्लामी दुनिया में भारत की बढ़ती पंसद का प्रतीक थी। इससे पाकिस्तान की दशकों पुरानी लफ्फाजी भी खारिज होती थी। गणतंत्र दिवस आयोजन में शामिल होने वाले अन्य विशिष्ट अतिथियों में ब्रिक्स देशों-ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नेता थे। यह भारत के वैश्विक विस्तार तथा उसकी रणनीतिक स्वायत्तता संबंधी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है जिसमें महाशक्तियों के नेतृत्व वाले 'समूहों' से इतर संबंध बनाना शामिल है। लेकिन अवसरों और खतरों की द्वैधता के कारण एक क्षेत्र भारत के लिए खास चिन्ता का विषय है।

इसके लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति का विकास किया गया है जो पहले 'लुक ईस्ट' नीति थी। आंशिक रूप से समृद्ध आसियान क्षेत्र में गठबंधन बनाने की संभावनाओं तथा आंशिक रूप से चीन के विस्तारवाद के प्रति साझा सरोकार से पैदा सुरक्षा चिन्ताओं के कारण ये पूर्वी देश भारत के स्वाभाविक सहयोगी बन सकते हैं। इसलिए गणतंत्र दिवस परेड में 2018 अतिथियों की सूची में उन राज्य प्रमुखों को स्थान मिला है जो 'साझा मूल्यों, समान भविष्य' की अवधारणा में शामिल होते हैं। इनमें ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपीन्स, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

इस वर्ष एक बार फिर विशिष्ट अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो हैं। वे 2018 में जोको विडोडो, 2011 में सुसीलो बामबांग युधियोनो तथा 1950 में सुकार्णो के मुख्य अतिथि बनने का बाद ऐसे तीसरे इंडोनेशियाई राज्य प्रमुख होंगे। संयोग से सुकार्णो गणतंत्र दिवेस परेडों में शामिल होने वाले पहले विदेशी राज्य प्रमुख थे। दोनों एशियाई देशों के बीच गहरे सभ्यतामूलक व सांस्कृतिक संबंधों के साथ ही इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम जनसंख्या वाला देश है जिसने धार्मिक सहिष्णुता की अवधारणाओं को संस्थागत रूप दिया है और इस प्रकार वह भारत के समान है। लेकिन शायद सर्वाधिक महत्वपूर्ण समान स्थिति चीन के साथ उसका समस्याग्रस्त इतिहास तथा इंडोनेशियाई तानाशाह और कद्दावर नेता सुहार्तो की हत्या के बाद पैदा अशांति है। इस अशांति में 0.5 से 1 मिलियन तक कम्युनिस्ट मारे गए थे तथा चीनी साहित्य, संस्कृति व राजनयिक संबंधों पर प्रतिबंध लगाया गया था। दशकों बाद 1990 में चीन-इंडोनेशिया राजनयिक संबंध बहाल हुए थे। लेकिन दक्षिण चीन सागर में चीन के बेशर्म दावों तथा विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं से इंडोनेशिया सर्वाधिक प्रभावित है। बार-बार होने वाली चीनी घुसपैठों के कारण नाटुना द्वीपों की संप्रभुता सर्वाधिक प्रभावित है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि 'परमानेंट कोर्ट आफ आर्बीट्रेशन' ने इंडोनेशियाई दावों को वैध माना है। लेकिन इस मुद्दे के बावजूद हाल ही में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने हाल ही में चीन के साथ 'संयुक्त समुद्री विकास' के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि इसमें 'परस्पर आच्छादित दावों' को भी स्वीकार किया गया है। यह एक ऐसी स्वीकृति थी जिसे अनेक अंतरराष्ट्रीय टिप्पणीकारों ने खारिज किया क्योंकि इससे चीन के दावों को वैधता मिलती है और उसे समर्थन प्राप्त होता है। इसके अलावा इंडोनेशिया ने चीनी बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई से मिलने वाली खैरात स्वीकार की है तथा अन्य बढ़ते हुए निवेश धीरे-धीरे चीन के प्रति चिन्ता बढ़ा रहे हैं।

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की भारत यात्रा पर बीजिंग की नजर रहेगी कि वे इस यात्रा के दौरान क्या बोलते हैं या कैसे संकेत देते हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की यात्रा में चीनी दृष्टिकोण के साथ ही अनेकानेक वाणिज्यिक व राजनयिक मुद्दे भी शामिल हैं। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से देखें तो गणतंत्र दिवस परेड पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का चयन एकदम सटीक और उचित है। दोनों देश इसका लाभ उठा सकते हैं।

लेकिन इसके साथ ही समुद्र पार 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण पर आमंत्रितों की एक और सूची तैयार हो रही है। ट्रंप के पहले और दूसरे कार्यकाल में उनकी अनुमानों से परे जाने की आदत को लेकर अनेक लोगों में चिन्ता व्याप्त है। बताया जाता है कि ट्रंप-वांस की उद्घाटन समिति ने अविश्वसनीय रूप से इस आयोजन के लिए बड़े दानदाताओं और निगमों से 170 मिलियन डालर जुटाए हैं जो सरकार से इसके बदले कुछ चाहेंगे। इसकी तुलना में 2016 में 107 मिलियन डालर एकत्र किए गए थे।

परंपरागत रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहा में विदेशी राज्य प्रमुखों को नहीं आमंत्रित किया जाता था, पर इस बार ट्रंप की व्यक्तिगत आमंत्रित सूची परेशान करने वाली है। इसमें वैचारिक कट्टरपंथी व दक्षिणपंथी नेताओं को शामिल किया गया है जिनमें इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी, अर्जेन्टीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली, अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले, हंगरी के राष्ट्रपति विक्टर ओर्बान, ब्राजील के निष्कासित राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो तथा फ्रांस के धुर-दक्षिणपंथी नेता एरिक जेमूर शामिल हैं। लेकिन सर्वाधिक आश्चर्यजनक आमंत्रित चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग हैं जो राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान में ट्रंप के निशाने पर थे और उनको अनेक धमकियां दी गई थीं। हालांकि, शी ने भाग लेने से इनकार कर दिया है और वे संभवत: किसी अन्य अधिकारी को भेजेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री को बहु-प्रतीक्षित निमंत्रण नहीं मिला और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक और उल्लेखनीय अनुपस्थिति यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की की होगी जिन्होंने सार्वजनिक रूप से आयोजन में भाग लेने की इच्छा जताई थी, पर उनको आमंत्रण नहीं मिला। ट्रंप के अघोषित 'फ्रेनमी' व्लादीमिर पुतिन वाशिंगटन से आने वाले संकेतों से प्रसन्न होंगे। ऐसे में भारत में अमेरिकी राजदूत द्वारा 'भीड़ भरे शपथ ग्रहण समारोह' की बात ज्यादा समझ में आने वाली नहीं लगती है।

# अफगानिस्तान के हालात और भारत

"तालिबान की सत्ता में वापसी और पाकिस्तान के स्थायी प्रभाव ने भारत के लिए बहुआयामी चुनौती खड़ी कर दी है।"




के एस तोमर
(लेखक, रणनीति मामलों पर स्तम्भकार हैं)


भारत और अफगानिस्तान के बीच विकसित होते रिश्ते बहुआयामी कूटनीतिक चुनौती पेश करते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत का जुड़ाव, खास तौर पर तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद, इस क्षेत्र में उसके व्यापक रणनीतिक हितों, खास तौर पर पाकिस्तान के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान के साथ तालिबान के घनिष्ठ संबंध और आतंकवाद के साथ उसका जुड़ाव एक गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा करता है, जिससे भारत का कूटनीतिक जुड़ाव एक जटिल लेकिन जरूरी प्रयास बन जाता है।

अपने क्षेत्रीय प्रभाव को सुरक्षित रखने और अफगानिस्तान में पाकिस्तान के प्रभुत्व का मुकाबला करने की कोशिश करते हुए, भारत को तालिबान के सत्तावादी शासन, मानवाधिकार संबंधी चिंताओं और क्षेत्र को और अस्थिर करने के जोखिम से सावधानीपूर्वक निपटना चाहिए। अफगानिस्तान के साथ भारत का जुड़ाव कूटनीतिक दिखावे से कहीं आगे तक फैला हुआ है और यह दीर्घकालिक रणनीतिक और विकासात्मक लक्ष्यों से प्रेरित है। बुनियादी ढांचे, शिक्षा और मानवीय सहायता में पर्याप्त निवेश के माध्यम से, भारत ने खुद को अफगानिस्तान के एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित किया है।

अफगान संसद, सलमा बांध के निर्माण और अफगान छात्रों के लिए शैक्षिक छात्रवृत्ति जैसी परियोजनाओं ने दोनों देशों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देते हुए अफगानिस्तान के बुनियादी ढांचे को काफी बढ़ाया है। भारत के विकास प्रयासों का अफगानिस्तान की स्थिरता और वृद्धि पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जो अफगानिस्तान के मामलों पर नियंत्रण करने के पाकिस्तान के प्रयासों के लिए एक प्रतिसंतुलन प्रदान करता है। अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने से भारत को मध्य एशिया तक पहुंच सहित महत्वपूर्ण रणनीतिक लाभ मिलते हैं। पाकिस्तान को दरकिनार करके, भारत मध्य एशिया के बाजारों और संसाधनों तक एक सीधा मार्ग सुरक्षित करता है, जिससे अफगानिस्तान के व्यापार मार्गों पर पाकिस्तान का एकाधिकार कम हो जाता है। यह आर्थिक लाभ आतंकवाद विरोधी सहयोग में वृद्धि के साथ जुड़ा हुआ है, क्योंकि दोनों देश चरमपंथी समूहों के प्रसार के बारे में चिंता साझा करते हैं। यह सहयोग न केवल एक जिम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान देता है। अफगानिस्तान के साथ भारत के मजबूत संबंध पाकिस्तान के रणनीतिक उद्देश्यों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं। ऐतिहासिक रूप से, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को एक रणनीतिक गहराई के रूप में देखा है, जो इसकी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की ओर अफगानिस्तान के गठबंधनों में कोई भी बदलाव सीधे इस कथन को कमजोर करता है। भारत-अफगानिस्तान व्यापार गलियारे का विकास, विशेष रूप से ईरान के चाबहार बंदरगाह के माध्यम से, पाकिस्तान को पूरी तरह से दरकिनार कर देता है, जिससे अफगानिस्तान के व्यापार मार्गों पर उसका प्रभाव कम हो जाता है। यह आर्थिक बदलाव पाकिस्तान की अफगान नीति को प्रभावित करने की क्षमता को कम करता है, जिससे वह क्षेत्र में और अलग-थलग पड़ जाता है। सुरक्षा संबंधी चिंताएँ पाकिस्तान की चुनौतियों को और बढ़ा देती हैं। अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती मौजूदगी को खुफिया जानकारी जुटाने और पाकिस्तान के भीतर राष्ट्रवादी आंदोलनों, खासकर उसके पश्तून और बलूच क्षेत्रों में समर्थन के लिए संभावित मार्ग के रूप में देखा जाता है। तालिबान के साथ पाकिस्तान के घनिष्ठ संबंधों के बावजूद, अफगानिस्तान के साथ भारत के कूटनीतिक जुड़ाव में देश के भीतर उन तत्वों को सशक्त बनाने की क्षमता है जो पाकिस्तान के नियंत्रण का विरोध करते हैं। इससे तालिबान के भीतर सत्ता की गतिशीलता बदल सकती है या आंतरिक विभाजन बढ़ सकता है।

तालिबान का शासन और चरमपंथ के प्रति उसका दृष्टिकोण भारत-अफगानिस्तान संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण कारक बने हुए हैं। भारत की कूटनीतिक रणनीति समावेशी शासन को अपनाने और चरमपंथ पर अंकुश लगाने की तालिबान की इच्छा पर निर्भर करती है, जो रचनात्मक जुड़ाव के रास्ते खोल सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी रहने और तालिबान के अनिश्चित शासन के कारण क्षेत्रीय स्थिरता अनिश्चित बनी हुई है। छद्म संघर्ष अफगानिस्तान में फैल सकते हैं, जिससे अस्थिरता बढ़ सकती है।

अफ़गानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और मानवीय सहायता में निवेश के माध्यम से, इसकी क्षेत्रीय रणनीति का केंद्र रही है। भारत ने अफ़गानिस्तान में 3 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जिसमें ज़ारंज-डेलाराम राजमार्ग, अफ़गान संसद भवन और सलमा बांध जैसी परियोजनाओं का समर्थन किया गया है। इन पहलों ने अफ़गानिस्तान के आर्थिक और सामाजिक विकास में सीधे योगदान दिया है। अन्य योगदानों में बिजली पारेषण लाइनें, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम, शैक्षिक छात्रवृत्ति और खाद्य सहायता शामिल हैं, जो अफ़गानिस्तान की भलाई और स्थिरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी ने इन परियोजनाओं के भविष्य पर अनिश्चितता पैदा कर दी है। राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद, भारत ने मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखा है, जहां संभव हो वहाँ सहायता प्रदान करना जारी रखा है। हालांकि, तालिबान की प्रतिबंधात्मक नीतियां और सत्तावादी शासन इन पहलों को जटिल बनाते हैं। भारत की सतर्क भागीदारी मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता के साथ अपने रणनीतिक हितों को संतुलित करने का प्रयास करती है।

## आप की बात

### बीसीसीआई का निर्णय

**भारतीय** क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए बीसीसीआई द्वारा उठाया गया कदम एक सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय है। लगातार हार का सामना करने के बाद, बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को अनुशासन में बांधने और उनकी एकाग्रता को बनाए रखने के लिए विदेश दौरों पर उनके परिवारों को साथ ले जाने पर रोक लगा दी है। यह निर्णय टीम के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम के सभी सदस्य जब एकजुट होकर केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे, तो उनकी प्रदर्शन क्षमता में सुधार होगा। परिवार के साथ समय बिताना महत्वपूर्ण है, लेकिन टूर्नामेंट के दौरान पूरा ध्यान खेल पर होना चाहिए। यह निर्णय न केवल खिलाड़ियों की मानसिकता को मजबूत करेगा, बल्कि टीम भावना को भी सुदृढ़ करेगा। खिलाड़ियों के लिए एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनेगा, जिसमें वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित होंगे। टीम मैनेजमेंट और कोचिंग स्टाफ के साथ खिलाड़ियों का अधिक समय बिताना, उनकी रणनीति और खेल कौशल को और निखारेगा। बीसीसीआई का यह निर्णय खिलाड़ियों के लंबे करियर और देश के गौरव को ध्यान में रखकर लिया गया है। इस प्रकार के कदम खिलाड़ियों को अनुशासन सिखाने के साथ-साथ उन्हें अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### जंगलों में आग

**विश्व** के जंगलो में लगातार भडकते दावानल से विश्व जनमत को जागरूक होने तथा ऐसे समूचित उपाय करने की ज़रूरत है जिससे इसकी रोकथाम हो सके। एक सघन वन सदियो में विकसित होता जो विश्व की जलवायु में संतुलन कायम करने के साथ साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।लेकिन पिछले दशक से उन पर मानो आपदा सी टुट पड़ी है विश्व का कोई भी सघन वन आग से अछुता नहीं रहा है। बहुमूल्य वन संपदा एवं दुर्लभ वन्यजीव इसकी भेंट चढ रहे है। पर्यावरण का नाश हो रहा है। तथा वैश्विक वनक्षेत्र सिमटता जा रहा है।लॉस एंजेलिस के जंगल में लगी विनाशकारी आग उसी दुर्योग का ताजा उदाहरण है। अमेजन के जंगल जो धरती की 20 प्रतिशत आक्सीजन की आपूर्ति करते हैं वे भी दावानल की चपेट में आते रहते है।आस्ट्रेलिया का वन विनाश भी पुराना नहीं है। इस अमूल्य धरोहर हे को सहेजने के लिए संपूर्ण विश्व को साझा पहल करनी होगी। ऐसे ठोस उपाय करने होंगे जिससे आग लगने की घटनाए नियंत्रित हो। जैसे पूर्णतः सुख चुके पेड, सुखे पत्ते, टहनीया एवं सुखी घास से आग फैलती है। अतः इनका समय समय पर निस्तारण होना चाहिए। जंगल के बीच गड्ढे खोदे जाने चाहिए पानी के साथ-साथ अन्य अग्निरोधी साधनो की व्यवस्था की जानी चाहिए।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

### भारतीय संस्कृति

**भारत** अपनी विशिष्ट लोक संस्कृति व परम्पराओं के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहा है। यही कारण है कि विश्व के कोने कोने में भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया जाता है। महाकुंभ के आयोजन में विश्व के सबसे बड़े मेले में लम्बे समय तक करोड़ों नागरिकों का समागम तथा मेले की अनुशासित व्यवस्था भारतीय दर्शन से विश्व भर को अवगत कराने में समर्थ है। सामाजिक समरसता के प्रति पूर्ण समर्पित महाकुंभ में जिस प्रकार से प्रथम अमृत स्नान में करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई, उससे मानव मानव में जाति के नाम पर भेद करने वाले राजनीतिक दलों को समझ जाना चाहिए, कि जनसैलाब को जातीय संकीर्णता में बांधना सरल नही रह गया है। निस्संदेह जातिगत आधार पर विघटन कारी तत्वों के लिए कुंभ का अमृत स्नान आँखें खोलने वाला है, जिसमें आम आदमी अपनी जातीय संकीर्णता से उबरकर आस्था की डुबकियां लगा रहा है तथा जातीय संकीर्णता के बल पर नागरिकों के विघटन जा स्वप्न देखने वाले तत्वों को भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की झलक दिखा रहा है। समय आ गया है कि आम आदमी के मध्य जातीय ज़हर घोलने वाले तत्वों की कड़ा सबक़ सिखाया जाए तथा महाकुंभ के माध्यम से धार्मिक व सामाजिक सद्भावना का स्पष्ट संदेश पूरे विश्व में प्रसारित हो।

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### महिला सुरक्षा का मुद्दा

**देश** में महिला सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। आए दिन होने वाली घटनाएं जताती है कि महिलाओं को बुनियादी सुरक्षा की कितनी जरूरत है? नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देश में हर पंद्रह मिनट में एक बलात्कार की घटना की पुष्टि करते हैं जिसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, और मध्य प्रदेश सबसे ऊपर हैं। कार्यस्थल पर शोषण और असुरक्षित वातावरण घटनाओं की वजह बनते हैं। भारत में महिलाओं के लिए सुरक्षित और समावेशी शहरों में बेंगलूरु पहले व चेन्नै दूसरे नंबर पर है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु के कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, और तिरुप्पुर जैसे आठ शहर इस सूची में शामिल हैं। महिलाओं के कामकाज, रहने की स्थिति और प्रगति के अवसरों पर आधारित इस सर्वे में 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत से हैं। देश के औद्योगिक महिला कार्यबल में 40 प्रतिशत की भागीदारी तमिलनाडु से है। इसकी वजह दक्षिण भारत में लैंगिक समानता और शिक्षा के उच्च स्तर है। देश के अन्य राज्य भी इन शहरों के समावेशी मॉडल के जरिए महिला कार्यबल की क्षमता बढ़ा कर राष्ट्र की उन्नति में भी उन्हें सक्रिय कर सकते हैं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने 40 लाख रूपए की लागत से दो सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम रामचुवा में आयोजित मेला में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ग्राम रामचुवा में आयोजित छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ग्राम रामचुवा, मेला स्थल में स्थित देवी देवताओं का दर्शन लाभ लिया और पूजा पाठ कर प्रदेश सहित कवर्धा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्रवासियों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मनहरण कौशिक, ईश्वरी साहू, सुर्दशन साहू, मिलूराम साहू, लोकचंद साहू सहित जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि मेला-मड़ई कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़ा हुआ है। गांव की सुख समृद्धि के लिए इसका आयोजन किया जाता है। मेला, मंडई कार्यक्रम पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा है। इसे क्षेत्रवासियों द्वारा अभी भी जीवंत रखा गया है। इस पारंपरिक संस्कृति को सहेज के रखते हुए आगे बढ़ाना है। उन्होंने रामचुवा क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में और विकसित करने और मेला समिति की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अब तक मोदी की गारंटी जिसे पूरा किया है, इस संदर्भ में मेला में आए लोगो को जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम रामचुवा में आयोजित मेला मंडई कार्यक्रम के दौरान साहू समाज के लिए 30 लाख रूपए की लागत से निर्मित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम लालपुर में 10 लाख रूपए की लागत से एक सामुदायिक भवन का भी उद्घाटन किया। इन सामुदायिक भवनों के निर्माण से समाज को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और समाजिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। उपमुख्यमंत्री ने इस पहल को समाज के कल्याण और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और ग्रामीणों को इन भवनों का सदुपयोग करने की अपील की।

### गौ अभ्यारण्य और दुध गंगा प्रोजेक्ट के माध्यम से क्षेत्र में होगी आर्थिक समृद्धि

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जिले में गौ अभ्यारण्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि इसके बनने के बाद बालोद जिले में स्थापित दुध गंगा प्रोजेक्ट के तर्ज पर यहां भी एक नया प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा, जिसमें दुध से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाकर विक्रय किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए क्षेत्र के 20 व्यक्तियों की एक टीम बनाई जाएगी, जो बालोद में स्थित दुध गंगा प्रोजेक्ट का अवलोकन करेंगे। इस अनुभव के आधार पर यहां भी दुध से उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे स्थानीय ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा, क्योंकि वे अपने पशुओं द्वारा उत्पादित दुध का विक्रय इस प्रोजेक्ट के माध्यम से कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह सभी कार्य सहकारिता के माध्यम से किए जाएंगे। इसके साथ ही, उन्होंने पशुओं के नस्ल सुधार पर भी जोर दिया, ताकि दुध की गुणवत्ता में सुधार हो और इससे आमदनी का नया मार्ग खुले। इस प्रोजेक्ट से न केवल स्थानीय समुदाय को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि क्षेत्र की समृद्धि में भी वृद्धि होगी।

## सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रुपये की स्वीकृति

**बेमेतरा।** विधानसभा बेमेतरा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विभिन्न गावों में विकास कार्यो के लिए 10 लाख 40 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। दिपेश साहू विधायक जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बेमेतरा के ग्राम जेवरी में बाजार चौक से रेवा साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये व आनंद किराना दुकान से लेकर बसंत उत्तरा दिवाकर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कंक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# हल्बा आदिवासी समाज की बेटी ने जीता खिताब



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज सामाजिक ब्लॉक भिलाई छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज की बेटी किरण रात्रे ने मिसेस ग्लोब यूनिवर्स खिताब जीत लिया। वह बीएसपी के उपप्रबंधक महेन्द्र कुमार रात्रे की पत्नि हैं। यह आयोजन जे के यूनिवर्स इंटरनेशनल 2025 फैशन पेजमेंट कार्यक्रम थाईलैंड मे आयोजित था। जिसमे टैलेंट, क्रिएटिविटी और क्वेश्चन आंसर तीन राउंड को सफलता पूर्वक पूर्ण किया और क्रिएटिविटी राउंड मे आदिवासी पोशाक के कारण सर्वोच्च स्थान पर रही। इस तरह उन्होंने मिसेस ग्लोब यूनिवर्स ख़िताब अपने नाम कर ली। इसके अलावा स्विमिंग राउंड कोरल आईलैंड मे हुआ जिसमे सफल रही। इसके पूर्व जे के फाउंडेशन द्वारा आयोजित राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मिसेस छत्तीसगढ़, मिसेस इंडिया की रनर अप विजेता रही है। हल्बा समाज के विभिन्न कार्यक्रम जैसे शक्ति पर्व महोत्सव, हल्बा युवा शक्ति महोत्सव मे छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य की है, जिसमे पुरुस्कार प्राप्त किया है। साथ ही भिलाई महिला समाज भिलाई सेक्टर 9 क्लब मे कोषाध्यक्ष पद का निर्वाहन कर रही हैं। भिलाई महिला समाज द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम मे गरबा क्वीन पुरुस्कार प्राप्त किया है।

# शहरी आवास योजना के अंतर्गत 327 आवास स्वीकृत



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत कुल 327 आवास स्वीकृत हुआ है, जिसमें 252 आवास पूर्ण कर लिया गया है। जो कुल स्वीकृत आवास का 77% प्रतिशत है, शेष आवास प्रगति पर हैं। जिनका नगर पालिका परिषद के अधिकारियों, इंजीनियर द्वारा नियमित मॉनिटरिंग करते हुए, किस्तों का भुगतान किया जा रहा है एवं इस योजना का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। लोगों को रहने के लिए सुविधाजनक आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यह जानकारी नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के उप अभियंता भानूप्रकाश घोष एवं सीएलटीसी सैफ क़ाज़ी के द्वारा दी गई है। इस हेतु जिन्हें रहने का आशियाना मिल रहा है उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया है, एवं इससे हितग्राहियों के बीच खुशी का माहौल है।

# खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने संबलपुर में 2.20 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने विगत दिवस जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 85 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

इनमें संबलपुर में लोधी समाज के सामुदायिक भवन हेतु 50 लाख रुपए, ग्राम बदनारा में पशु औषधालय भवन निर्माण के लिए 15.53 लाख रुपए और ग्राम केशला (जोगी दीप) में विप्र समाज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत दाढ़ी में लगभग 134. 76 लाख रुपए के सी.सी.रोड निर्माण कार्य शामिल है। खाद्य मंत्री बघेल ने भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शासन के योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं का फायदा मिले यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अजय साहू, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, राकेश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष मारो धनलाल देशलहरे, लोधी समाज के अध्यक्ष इंद्र कुमार राजपूत, परस वर्मा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव में बेमेतरा ने जीते पदक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 12 से 14 जनवरी तक हुआ, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से युवा प्रतिभागियों ने अपनी संस्कृति, परंपरा, विज्ञान और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया। महोत्सव का शुभारंभ 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया गया। इसी क्रम मे कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे बेमेतरा जिले से 50 युवा प्रतिभागी और 10 अधिकारियों का दल इस महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे। इस महोत्सव में बेमेतरा के प्रतिभागियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न पदक जीते। साजा विकासखंड से हस्तशिल्प कला में यशवंत सिन्हा, इंद्र कुमार सिन्हा, दीपाली कुम्भकार, भारती साहू और रवि गोस्वामी ने रजत पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह, चित्रकला प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के घनश्याम दास मानिकपुरी ने कांस्य पदक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान अर्जित किया। बेमेतरा जिले के प्रतिभागियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी। जिला खेल अधिकारी पिंकी मनहर ने भी सभी प्रतिभागियों, उनके प्रशिक्षकों और अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। बेमेतरा जिला युवा दल के नोडल अधिकारी उपेन्द्र सिंह सेंगर, सहायक जिला खेल अधिकारी, दल प्रबंधक पवन साहू, नोकेश्वर वर्मा, विजय पाण्डेय, विष्णु धीवर, जे.आर. रजक, वेदप्रकाश वंदना, नेमेश्वरी साहू और रुपेश यादव ने इस आयोजन में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

# 1 वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभागों में बिना किसी वाजिब कारण के अनाधिकृत रूप से 01 वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबे समय तक अनुपस्थित लापरवाह अधिकारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में अपर कलेक्टर डीआर ठाकुर एवं अजय किशोर लकरा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले के आश्रम एवं छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आश्रम-छात्रावासों में निवासरत सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इन प्रकरणों का विशेष प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों की बैंक खातों की जाँच करने तथा अनिवार्य रूप से निष्क्रिय खातों की जानकारी भी देने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा आम जनता के सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को तीन दिन के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की।

# जल आपूर्ति की कमी से बीएसपी के कर्मी पानी की किल्लत से परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा में बीएसपी नगर प्रशासन के द्वारा समस्त टाउनशिप इलाके में फिल्टर पानी की आपूर्ति की जाती है, जिसे ग्रीष्म-ऋतु के वक्त लगातार गिरते भू-जलस्तर के गिरने के कारण जलापूर्ति सिर्फ 1 टाइम पानी में किया जाता है पर बीएसपी नगर प्रशासन के द्वारा ग्रीष्म ऋतु बीत जाने के बाद भी एक ही टाइम पानी में फिल्टरयुक्त जलापूर्ति किए जाने से बीएसपी के ही कर्मी पानी की किल्लत से परेशान हैं। बीएसपी कर्मियों की इस परेशानी की शिकायत प्राप्त होने पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जयदीप गुप्ता ने संज्ञान लिया और त्वरित निदान हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निज सचिव तुलसी कौशिक के माध्यम से आवश्यक पत्राचार कर, आई.ओ.सी राजहरा सीजीएम को आदेशित कर 2 टाइम जलापूर्ति किए जाने की मांग करी, जिससे समस्त टाउनशिप इलाके में निवासरत बीएसपी कर्मियों व अन्य नगरवासियों की फिल्टरयुक्त जलापूर्ति संबंधित समस्या का निदान किया जा सके। इस पूरे मामले में जयदीप गुप्ता ने बताया कि उन्हें बीएसपी कर्मियों से फिल्टरयुक्त पानी की किल्लत की शिकायत प्राप्त हुई जिसके बाद उनके द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से मांग पत्र देते हुए उनके निज सचिव तुलसी कौशिक सार्थक चर्चा करते हुए आवेदन दे कर जल्द जलापूर्ति संबंधित समस्याओं के निदान की मांग की है। जिसपर मुख्यमंत्री द्वारा मांग को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

# पंडरिया ज.प. क्षेत्र क्रमांक 13 पाढ़ी से अजय पटेल की दावेदारी मजबूत

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। जिसे देखते हुए दावेदारों की लंबी कतार लग रहा है। सामान्य वर्ग आरक्षित होने के कारण अध्यक्ष बनने की लालसा रखने वाले जनप्रतिनियों ने अपने लिए क्षेत्र की तलाश में जुट गए हैं और मतदाताओं, समाज प्रमुखों के बीच जा कर अपने दावेदारी पेश करते हुए उनका विचार भी टटोल रहे हैं। चुनावी दौर में जातीय समीकरण भी हावी दिखाई दे रहा है। राजनैतिक पार्टी भी जातीय समीकरण के अनुसार जिताऊ उम्मीदवार को अपना उम्मीदवार घोषित करते है। स्थानीय चुनाव होने के कारण पारिवारिक, सामाजिक और लोगो के बीच संबंध को भी ध्यान में रखा जाता हैं। बड़े स्तर के नेताओं के द्वारा कार्यकर्ताओं को खुश करने के लिए अलग अलग दायित्व दिया जाता हैं लेकिन कुछ लोग जल्दबाजी करते है जिससे पार्टी और खुद की छवि भी घुमिल कर बैठते है।

### क्षेत्र क्रमांक 13 में सात पंचायत शामिल

पंडरिया जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 पाढ़ी में पाढ़ी, गांगपुर, बिनौरी, लाड़ंगपुर, केशलीगोड़ान, बिरकोना, खैरझिटी पु. ग्राम पंचायत शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में मरार (पटेल), आदिवासी, कलार (जायसवाल) की बाहुल्यता है। सामान्य वर्ग आरक्षित होने के कारण दावेदारों की लंबी कतार होने की संभावना है। स्थानीय के साथ साथ बाहरी दावेदार भी चुनाव मैदान में उतरने की बात सामने आ रहा है लेकिन ग्रामीणों में भी जागरूकता दिखाई दे रहा है और सामाजिक लोगो को चुनने की इच्छा जताई जा रही है।

### पटेल समाज से अजय की दावेदारी मजबूत

ग्राम पंचायत लारंगपुर के आश्रित ग्राम लड़ूवा निवासी अजय पटेल चुनावभी पटेल समाज से समाज प्रमुखों से मेल मुलाकात कर चुनाव मैदान में उतरने के लिए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। युवा चेहरा होने के कारण होनहार दिखाई दे रहा है जिसके चलते समाज और ग्राम प्रमुखों का सहमति बन रहा है। स्थानीयता का भी लाभ मिलने का आसार दिखाई दे रहा है साथ ही पटेल समाज भारतीय जनता पार्टी में ज्यादा लगाव दिखाई देता हैं। जिस गांव में पटेल समाज की बाहुल्यता है वहां भाजपा के पक्ष में मतदान होता हैं। अजय पटेल शुरुआत से राष्ट्रीय स्वयं सेवक से जुड़ा हुआ है। जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत करने के लिए विधायक, सांसदों के अलावा संगठन के नेताओं से मेल मुलाकात कर रहे हैं।

# सभी के सहयोग से बालोद जिले को उत्कृष्ट एवं बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा : कलेक्टर

## पर्यटन स्थलो को विकसित और बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में पहली बार पतंग महोत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com











पर्यटन स्थलो को विकसित और बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में पहली बार पतंग महोत्सव का आयोजन हुआ। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में 3 दिवसीय पतंग महोत्सव का समापन मकर संक्रांति के दिन पतंगबाजी और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से बालोद जिले को उत्कृष्ट एवं बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की शुरूआत आज ओनाकोना से हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। जिन पर हम सभी को मिलकर काम करना होगा। जिससे बालोद जिले की पहचान देश व प्रदेश में पर्यटन हेतु बेहतर और उत्कृष्ट क्षेत्र के रूप में हो सके। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर जिले के गुरूर ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में स्थित पर्यटन के केन्द्र ओनाकोना में आयोजित पतंग महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि ओनाकोना को प्रदेश व देश में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर पहचान दिलाने की पहल के रूप में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ओनाकोना को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### कलेक्टर और सीईओ ने लिया नौका विहार का आनंद

मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। महोत्सव की शुरूआत नौका रेस की शुरूआत से हुई। जिसमें कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नौका चालकों को हरी झण्डी दिखाकर नौका रेस की शुरूआत की। जिले में पहली बार हो रहे ऐसे अदभुत नौका रेस को देखने, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल और जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने नौका रेस के विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके साथ नौका विहार का आनंद भी लिया। इस दौरान कलेक्टर ने नौका चालक से नौका विहार हेतु आने वाले पर्यटकों की संख्या और उनसे प्रतिदिन होने वाले आय एवं ओनाकोना में पर्यटकों हेतु की गई सुविधाओं के संबंध में चर्चा की।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

पतंग महोत्सव में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने पतंग उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और पर्यटकों ने भी बड़ी संख्या में आकर्षक ढंग से तैयार किए गए पतंग उड़ाकर पतंग महोत्सव को जीवंत एवं आकर्षक बनाया। महोत्सव में रस्सा खींच, वॉलीबाल, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, स्कूली बच्चों का चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक अपना बेहतर प्रदर्शन किया। महोत्सव में स्व सहायता समूह एवं दूध गंगा बालोद द्वारा फूड स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों को आंगतुको को परोसा गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### पूर्ण रूप से आयोजन हुआ सफल

कलेक्टर ने पतंग महोत्सव में जिलेवासियों को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने महोत्सव में हुए विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत भी किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ओनाकोना को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की यह पहल सार्थक साबित हो रही है। आज का यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल हुआ है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर पतंग महोत्सव को सफल बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान की है। इस अवसर पर एसडीएम गुरूर प्राची ठाकुर, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, तहसीलदार हनुमंत श्याम, जनपद सीईओ उमेश रात्रे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष आरक्षण में ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर के पढाव चैक में जिला, ब्लॉक और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नव मिर्तित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा एवं शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह धरना प्रदर्शन भाजपा सरकार द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष आरक्षण में ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के विरोध में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि आगामी त्रि स्तरिय पंचायत चुनावो और नगरीय निकाय चुनाओं में पिछडा वर्ग का आरक्षण कम दिया गया है। जिसके भाजपा सरकार की ओबीसी विरोधी नीति करार देते हुए विरोध जताते हुए ओबीसी के अधिकारों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता जताई।

**नवनियुक्त जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने संभाला पदभार**-नवनियुक्त जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने जिला कांग्रेस भवन में पदभार ग्रहण किया और अपनी पहली बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफलड़ने का आह्वान किया। उक्त बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**प्रदेश और केंद्र सरकार पर तीखा हमला**-कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया और कहा कि ओबीसी आरक्षण खत्म करना समाज के पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय है। वक्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, और किसानों की समस्याओं को लेकर भी भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है और केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की।

## बरेला में अवैध प्लाटिंग कर विक्रय करने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में नगर पंचायत बरेला में बिना किसी अनुज्ञा या पारित लेआउट के भूमि विक्रय करने वाले 09 व्यक्ति यों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल ने बताया कि नगर पंचायत बरेला में मिंटू अरोड़ा, विद्याभूषण देवांगन, सत्येंद्र, पवन गुप्ता, सरिता तिवारी, गंगोत्री गुप्ता, देवकी बाई धुरी, रामाधार धुरी और चन्द्रकुमार धुरी द्वारा अवैध प्लाटिंग कर 05 डिसमिल से कम छोटे-छोटे भूखंडों में भूमि वि य किया जा रहा था। कलेक्टर के निर्देशानुसार इन लोगों के खिलाफनोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# देश के किसी भी कोने में रहे एक क्लिक से सामने आ जाएगी पूरी कुंडली इसलिए रहे सतर्क और सावधानः डीएसपी डीके सिंह

### 36 वें सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान



पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

36 में सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस के द्वारा कटघोरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्रों और शिक्षकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं के साथ ही समस्त शिक्षक मौजूद रहे। जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि यह हाइटेक कंप्यूटर का जमाना है आप चाहे छत्तीसगढ़ में हो या देश के किसी भी कोने में यदि किसी तरह का अपराध किया जाता है तो एक क्लिक में आपकी सारी कुंडली सामने आ जाती है और फिर आप पुलिस की गिरफ्त में होते हैं सिंह ने कहा कि यदि किसी भी तरह का अपराध विद्यार्थियों के द्वारा किया जाता है तो न केवल माता-पिता और परिजनों को बल्कि आपके भविष्य के लिए भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो जाता है एक बार अपराध दर्ज हो जाने के बाद आप ना तो किसी शासकीय नौकरी के काबिल रह जाते हैं और ना ही प्राइवेट इसलिए हमेशा सतर्क और सावधान रहें और दो पहिया चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सड़क सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें इस अवसर पर यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर उप निरीक्षक ईश्वरी लहरे हेड कांस्टेबल संतोष सिंह कांस्टेबल कृष्ण भारद्वाज राम सुधन और संतोष देवांगन आदि मौजूद रहे।

# संकल्प पदयात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर संकट मोचन मंदिर में महाआरती और दीपोत्सव

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com





कोरबा के मुडापार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में संकल्प पदयात्रा की प्रथम वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई गई। समिति के सदस्य राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि 14 जनवरी के दिन ही अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ था। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों ने कोरबा से अयोध्या तक पदयात्रा कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता की थी। इस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महाआरती का आयोजन किया गया और हनुमान मंदिर से राम जानकी मंदिर तक जय श्रीराम के जयकारों के साथ रैली निकाली गई। श्रद्धालुओं ने सड़कों पर हजारों दीप प्रज्वलित किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। समिति द्वारा भोग और भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को रामभक्ति और सनातन परंपराओं के प्रति आस्था के साथ जोड़ने का कार्य किया।

# कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 08 फरवरी को, प्रवेश पत्र जारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 08 फरवरी को आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए 02 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा हेतु कुल 277 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट तक से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने प्रवेश पत्र एवं आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार हेतु प्रधान पाठक अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शीघ्र जमा करने के लिए कहा है।

## कलेक्टर ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी का पृथक वेतन देयक प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी का पृथक वेतन देयक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अधिकांश आहरण एवं संवितरण अधिकारी जिला कोषालय द्वारा किए गए पत्राचार और इस संबंध में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। भविष्य में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपना वेतन देयक पृथक से तैयार कराएं, जिसका बिल यूनिट-999 अंकित हो।

## उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु आवेदन 24 जनवरी तक

**मुंगेल।** विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम नवागाव ची. में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 24 जनवरी तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं।

# रचनात्मक कार्य-लीनेस क्लब सक्ती ने मकर संक्रान्ति पर्व पर खिचड़ी और लड्डू वितरण किया



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सेवा कार्य में अग्रणी आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1 संपदा सक्ती ने मकर संक्रांति पर्व पर गायत्री मंदिर नारायण सागर तालाब पार पर निवास कर रहे लोगों को खिचड़ी और तिल मुरा सेव से बने लड्डू का वितरण कर सभी ने एक दूसरे को आस्था का पर्व मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी कार्य क्रम का आयोजन अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर के अध्यक्षता में हुआ इसका उद्देश्य पर्व पर जरूरत मंदों को सहयोग के साथ खुशियां बांटना है इस अवसर पर एक्सक्यूटिव आफिसर एवं मल्टीपल चेयरपर्सन लीनेस डॉ शालू पाहवा, डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक सह सचिव एवं मल्टीपल चेयरपर्सन लीनेस अनीता सिंह पूर्व अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल, सचिव लीनेस भगवती देवांगन,लीनेस लता नायक, लीनेस मंजू जायसवाल, लीनेस ललिता साहू, रीता राज, निकहत करीम खान, शहनाज़ बानो, संगीता तिवारी, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से शिवरीनारायण के पिंकी सारथी को मिला सपनों का आशियाना

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना ने देश भर के कई आवासहीन परिवारों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। बेघर परिवारों को इस योजना के माध्यम से मिल रहे पक्के मकान ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थायी आवाज भी प्रदान कर रही है। नगर वासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विभागीय मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण हमारा परिवार एक सुरक्षित और स्थायी घर में है। यह योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने ना केवल पिंकी सारथी जैसे हजारों परिवारों को घर का सपना पूरा करने में मदद कर रही है बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर कर रही इस योजना के तहत नगर पंचायत शिवरीनारायण के मती पिंकी सारथी का सपना भी साकार हुआ। मजदूरी एवं कुटीर उद्योग का सामान बेचकर अपने परिवार का पालन- पोषण करने वाली पिंकी सारथी के लिए पक्का मकान बनाना एक सपने जैसा था, जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी ने साकार किया। कच्ची झोपड़ी में रहते हुए मती पिंकी और उनके परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बरसात के मौसम में छत से पानी टपकता था, जिससे घर में रहना मुश्किल हो जाता था। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्न होती थी। इस मुश्किल समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में नहीं रोशनी लेकर आई है।

# साइबर फ्रॉड मामले में पुलिस की बड़ी कार्यवाही, आरोपियों की गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



पीएम किसान योजना के नाम से धोखाधड़ी करने वाले दो साइबर अपराधियों को मर्नेन्द्रगढ़ सायबर सेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह साइबर अपराधी एपीके फाइल का इस्तेमाल कर और ई-सिम के माध्यम से लाखों रुपये की ठगी कर रहे थे। इन दोनों आरोपियों का नाम अभेष कुमार दास (22 वर्ष) और राजेश वास (24 वर्ष) है, जो ग्राम चौफला, थाना चन्द्रमण्डी, जिला जमुई, बिहार के निवासी हैं। पुलिस ने इन आरोपियों से दो एंड्रॉयड मोबाइल, दो डेबिट कार्ड और चार सिम कार्ड बरामद किए हैं। यह घटना 5 दिसंबर 2024 को हुई जब सूरज लाल सिंह पुत्र स्व. शिवचरण सिंह के पुत्र के मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को जियो कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोपी ने सूरज लाल सिंह से कहा कि उनका नंबर 4 जी से 5 जी नेटवर्क में अपग्रेड किया जाएगा और इसके लिए 1 दबाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। बाद में, आरोपी ने लगातार उनके बैंक खाता से पैसे ट्रांसफर किए। यह फ्रॉड 5 दिसंबर से 7 दिसंबर 2024 के बीच हुआ, और कुल मिलाकर 9,07,012 रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस मामले की रिपोर्ट थाना खडगंवा में दर्ज की गई, जहां अपराध क्रमांक 302/2024 के तहत धारा 318(4) बीएनएस और धारा 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और मामले की जांच शुरू की। पुलिस की कार्यवाहीः पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। नगर पुलिस अधीक्षक दीपिका मिंज ने पुलिस टीम गठित की, जिन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई दिन तक उनकी लोकेशन का पीछा किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके आरोपियों के ठिकाने तक पहुंचने के लिए फेरीवाले बनकर जांच की।

# अपने संस्कार और संस्कृति को न भूलें- पूज्य कापालिक बाबा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





इस मौके पर देश के विभिन्न भागों से हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। इस मौके पर सुबह 6 बजे से आश्रम वासियों द्वारा श्रमदान कर साफ्सफाई की गई। इसके बाद परम पूज्य कापालिक धर्म रक्षित राम जी द्वारा परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु के तैलचित्र, मां महा मैत्रायणी योगिनी जी के तैलचित्र का पूजन किया गया, आश्रम के व्यवस्थापक गोपाल राम द्वारा सफलयोनि का पाठ के पश्चात मन्दिर परिसर में हवन कुंड पर हवन किया गया। तत्पश्चात् अघोरा नां परो मंत्र का 24 घंटे का अखण्ड कीर्तन किया गया। श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने लगभग 11.00 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। पूज्य बाबा ने अपने आशीवर्चन में मां महा मैत्रायणी योगिनी के जीवन से प्रेरणा लेने पर बल दिया।,माताजी दीन-दुःखी एवं उपेक्षित लोगों का उचित मार्गदर्शन करती थी। उन्होंने अपने आशीर्वचन में यह भी कहा कि हमलोग बहुत ही आसानी से अच्छी-अच्छी बातें तो करते और सुनते रहते हैं, लेकिन उन पर चलना उतना ही कठिन मालूम होता है। बुरी संगत के चलते ही हम फिर दुष्कृत्यों में लिप्त हो जाते हैं। कई लोग यहाँ आकर सुधर गए, लेकिन ऐसे भी लोग हैं जिनमें कोई सुधार नहीं हुआ। गलत संगत के दुष्प्रभाव में आकर अपने मूल स्वभाव से विरत हो जाने के चलते ही ऐसा होता है। कोई व्यक्ति दूर रहकर भी यदि महापुरुषों की वाणियों का अनुसरण किया है तो उसके व्यवहार से वह परिलक्षित होता है। उसके द्वारा अपने से बड़े-बुजुर्गो का सम्मान होता है। यदि हम स्थिर हैं तो कहीं भी जाने पर वहाँ की प्रकृति, अच्छी तरंगें हमें सबकुछ बताने लगती हैं कि यहाँ पर कैसे लोग हैं, उनके कृत्य क्या हैं।

# मेरे लिए मेरा तातापानी रानी कुंडी हैः श्याम बिहारी जायसवाल

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



आस्था, संस्कृति और विरासत से लवरेज एमसीबी जिले का रानी कुंडी मेला 15 सालों से लगातार विस्तार की ओर है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले इस मेला में खेल, कला और भक्ति को प्रतियोगिता के रूप समाहित किया जाता हैं। प्रकृति की अलौकिक छटा के बीच भगवान भोलेनाथ का मंदिर और दो नदियों का संगम तथा गौमुख से निकलता पानी यहां की प्रमुख विशेषताओं में एक है। मेले के समापन अवसर में पहुंचे क्षेत्र के लाडले विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज मुझे मुख्यमंत्री साय जी के साथ तातापानी महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन मेरे लिए मेरा तातापानी रानी कुंडी है। इस दौरान मंत्री ने मेले में आए आस पास के 50 किमी के श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना और मकर संक्रांति की सबको बधाई दी।

मंच से संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री थोड़े भावुक भी हुए, उन्होंने कहा कि समापन के दिन यहां इतनी संख्या में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि रानी कुंडी का यह धाम बड़ी तेजी से विस्तार कर रहा है। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे राजनीति हो या जीवन हो सफलता जरूरी नहीं कि मिलेगी ही, लेकिन इससे जीवन समाप्त नहीं हो जाता है, आप बार बार गिरेंगे और जो गिरेगा वही उठेगा और सफलता उसी को मिलती है। आप देखे होंगे कि किसान की फसल खराब हो जाती है उसके बाद दुबारा फिर बीज लगाता है और फसल उगाने का काम करता है, किसान कभी हारता नहीं है ठीक उसी प्रकार रानी कुंडी समिति के लोगों ने कभी हार नहीं माना और आज की यह भीड़ इस बात का प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि आज हमारी माता बहने मजबूत हुई है।

सबके खाता में 1000 रुपए सरकार दे रही है यानि 60000 हजार रुपए मिलेगा। हा लेकिन एक बात माता बहने ध्यान दे कि कम से कम 500 रुपए ही खर्च करे और 500 रुपए बचा कर रखे जो आगे काम आएगा। इसके साथ ही आगे कहा कि जीवन में खेलकूद का अलग ही महत्व है जहां एक ओर शरीर का विकास होता है वही नौजवान बुरी लतों से भी दूर होते है, हमारा मनेंद्रगढ़ विधान सभा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है यहां विभिन्न जनजातियों के लोग निवास करते है।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202410080100033
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भारती साहू पति रामेश्वर साहू जाति-तेली एवं अन्य 02 निवासी ग्राम-पोंड़ी, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम-पोंडी, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. पोंड़ी, तहसील-बोड़ला स्थिता भूमि ख.नं. 151/17 रकबा 0.081 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एवं ब्रिक्स उद्योग) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 21.01.2025 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक** - 06.01.2025
**पेशी दिनांक** - 21.01.2025

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

अपील.प्र.क्र. 202409080100012/अ-27 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री अनुराग पिता मेहतर वाहने, निवासी-मठपारा कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) व अन्य 02 के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार बोड़ला के रा.प्र.क्र. 202304082100002 अ-27 वर्ष 2021-22 पक्षकार केशरबाई वाहने पति स्व. मेहतर वाहने, जाति कतिया, निवासी वार्ड 12 कवर्धा, तहसील कवर्धा, आरती पिता स्व. मेहतर वाहने, भारती पिता स्व. मेहतर वाहने, शशि पिता स्व. मेहतर वाहने निवासी वार्ड क्र. 12 कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.) में पारित आदेश दिनांक 04.07.2023 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत् अपील प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में उत्तरवादीगण 1. प्रकाश पिता दत्तूराम, निवासी छोटुपारा, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, 2. श्रीमती केशर बाई पति स्व. मेहतर वाहने, 3. आरती पिता स्व. मेहतर वाहने, 4. शशि पिता स्व. मेहतर वाहने सभी निवासी वार्ड नं. 12 मठपारा कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.) राजस्व मामले की नोटिस जारी किया गया। नोटिस प्राप्तकर्ता पता में नहीं होने से वापस प्राप्त हुआ है। अतः उत्तरवादीगण स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथी 29/01/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब / दावा पेश करें। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त जवाब / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 15/01/2025
पेशी दिनांक - 29/01/2025

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
### गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. 2536780, 90 फैक्स नं. 0771-2227395 E-mall-dc_rmc@rediffmail.com

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी

क्रमांक /3904/यो शा./PMAY-HFA/न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 15/01/2025

### // द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक AHP अंतर्गत स्वीकृत परियोजना 870 के कचना आवासीय परिसर में निर्मित सम्पवेल से जल प्रदाय बाबत् 02 अर्ध कुशल श्रमिक (पम्प ऑपरेटर) पजीकृत फर्म / एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | आगणित राशि (रू.में) | अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.में) | निविदा प्रपत्र का प्रकार एवं निविदा दर | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 अर्ध कुशल श्रमिक (पम्प ऑपरेटर) उपलब्ध कराये जाने का कार्य। | 2.02.368.00 | 5,000.00 | 750.00 | प्रपत्र ब कार्यालय कलेक्टर जिला रायपुर द्वारा निर्धारित दर | 06 माह |

**निविदा जारी दिनांक** - 15/01/2025
**निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि** - 24/01/2025 (कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक)
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि** - 30/01/2025 (कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक)
**निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि** -31/01/2025 (कार्यालयीन समय 04:00 बजे तक)

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समयावधि में निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। अन्य विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें निगम मुख्यालय के तृत्तीय तल स्थित कक्ष क्रमांक 402 से प्राप्त की जा सकती है।

*घरो से निकलने वाला सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**अधीक्षण अभियंता**
**प्रधानमंत्री आवास योजना**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता : रमेन डेका

## राज्य युवा महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल, विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण युवाओं का सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए। राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य युवा महोत्सव के समापन समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए। साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में चल रहे तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव का समापन हुआ जिसमें राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए डेका ने कहा कि इस मंच पर खड़े होकर मुझे गर्व हो रहा है छत्तीसगढ़ के युवासाथियों के प्रतिभा का मै साक्षी बन रहा हूं। उन्होंने युवाओं के प्रणेता स्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को रेखांकित किया। राज्यपाल ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के दो शब्द वंदे मातरम पर पूरा स्वतंत्रता आंदोलन आधारित था। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद जब शिकागो सम्मेलन में गये तो उनका पहला वाक्य भाइयों और बहनों यही दो शब्दों से शुरू हुआ। उस समय कोई सोच नहीं सकता था कि इस तरह के संबोधन से कोई अपना व्याख्यान शुरू कर सकता है। यह वह दो शब्द है जिसने लोगों की मनो स्थिति को बदल दिया। डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को बने 25 साल हो गये, यह राज्य अभी बहुत आगे बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ अद्भुत राज्य है। यह खनिज संसाधन, ऊर्जा संसाधन सभी से परिपूर्ण है। विरासत भरा धरोहर यहाँ है। छत्तीसगढ ने समृद्ध इतिहास अपने में समेट रखा है। यहां रामायण कालीन इतिहास रहा है, इस क्षेत्र में श्रीराम ने अपने वनवास का अधिक समय बिताया है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।राज्यपाल ने युवाओं से कहा कि आप किसी की कॉपी मत करिए बल्कि प्रतिस्पर्धा करिए। आप यह न सोचे कि कि समाज ने हमें यह नहीं दिया, वह नहीं दिया बल्कि यह सोचे की हम समाज को क्या दे रहे हैं। युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए डेका ने कहा कि देश में युवाओं के लिए अवसर बहुत है, पहले के समय में ऐसा नहीं था। अब समय बदल गया है। अपनी प्रतिभा को पहचानो और सतत प्रयास में लग जाओ। आपकी जिस क्षेत्र में रुचि है उसको अपना प्रोफेशन बनाओ। आप एक लक्ष्य निर्धारित करिए कि आपको क्या करना है और उसके लिए अभ्यास पर लग जाएं। आपको सफलता अवश्य मिलेगी। लक्ष्य पर फोकस करते हुए आगे बढ़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। युवा महोत्सव का उद्देश्य युवाओं और उनके विचारों को जगाना है तथा देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य प्राप्ति ना हो जाए स यह मंत्र युवाओं को कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य अग्रणी राज्य में शामिल हो रहा है। बस्तर ओलंपिक के बाद युवा महोत्सव की सफलता युवाओं के उत्साह लगन और समर्पण की परिचायक है। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं मे आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। राजपाल डेका ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए स्टालों का वलोकन किया तथा उपस्थित कवियों की कविताओं का आनंद उठाया। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिम शिखर गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन संचालक तनुजा सलाम ने किया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी गण तथा विभिन्न जिलों से आए हुए युवा प्रतिभागी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीएमश्री पोर्टा केबिन देवगांव में आयुर्विधा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार पीएमश्री पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय देवगांव में आयुर्विधा विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुर्विद्या कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत स्कूली छात्रों के लिए प्रारंभ किया गया एक कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत स्कूली छात्रों को आयुर्वेद की जीवन शैली से परिचय कराते हुए वर्तमान एवं आगामी जीवन में आयुर्वेद को चिकित्सा पद्धति के रूप में अपनाने संबंधी योजना बनाई गई है। यह कार्यक्रम शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को केंद्रित करता है तथा उन्हें आयुर्वेद अनुसार उचित जीवन के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें तदनुसार जीवन शैली को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है। बच्चों को जागरूकता व्याख्यान में डॉ बीना खोबरागड़े द्वारा आयुर्वेद अनुसार दिनचर्या संबंधी जानकारी के साथ स्वच्छता आहार एवं दिनचर्या का हमारे स्वास्थ्य पर किस प्रकार असर पड़ता है बताया गया। साथ ही विद्यालय कैंपस में पाए जाने वाले औषधि वृक्ष तुलसी, घृतकुमारी, शतावरी, मुनगा का हम किस प्रकार अपने स्वास्थ्य के लिए उपयोग कर सकते हैं की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। व्याधिग्रस्त छात्राओं को उचित उपचार हेतु आयुष पॉलीक्लिनिक नारायणपुर पहुंचने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रावास अधीक्षिका रंजीता नाग ने विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम आयुर्विद्या की बात करते हुए कहा कि वर्तमान में सभी कार्यक्रम रोगों के उपचार को केंद्रित करते हुए संचालित हो रहे हैं लेकिन यह कार्यक्रम शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को केंद्रित करता है तथा उन्हें आयुर्वेद अनुसार उचित जीवन के बारे में जागरूक करते हुए जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करता है यह विद्यार्थियों के लिए एक बहुत ही अच्छा शिक्षाप्रद कार्यक्रम है। इस आयोजन में शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक नारायणपुर से कुमारी अर्चना नाग, कुमारी टेंपेश्वरी बेलसारिया का सक्रिय योगदान रहा।

# निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन ने किया दिव्यांग बच्चो के साथ चैरिटेबल रॉक कॉन्सर्ट का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय दृष्टि बाधित विद्यालय के दिव्यांग बच्चो द्वारा विशेष प्रस्तुतिया आयोजित किया गया, उसके पश्चात दायरा बैंड से पीयूष कपूर और उनके बैंड द्वारा रॉक कॉन्सर्ट का प्रारंभ किया गया। शहर मे पहली बार इस तरह का चैरिटेबल रॉक कॉन्सर्ट दिव्यांग बच्चो के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। फाउंडेशन की संस्थापक निशा नागवंशी ने दिव्यांग बच्चो को सराहते हुए यह कहा की सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों ने अक्सर विकलांग लोगों को अपने जीवन पर नियंत्रण रखने से रोका है। इसके बजाय, उन्हें विकलांग लोगों की सक्रिय भागीदारी को सुविधाजनक बनाना चाहिए। हालाँकि, इसे इस मान्यता के साथ जोड़ा जाना चाहिए कि विकलांग लोगों को समाज में उनके संभावित योगदान की परवाह किए बिना सामाजिक समर्थन का अधिकार है। साथ ही संस्था की सहसंस्थापक झरना मोहंती ने कहा कि यह हमारी एक शुरुवात है दिव्यांग बच्चो के उज्वल भविष्य के लिए और हम आगे भी कामना करते है की इस्सी तरह हम उनके उज्वल भविष्य के लिए काम करते रहेंगे। कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से बस्तर संसद महेश कश्यप उपस्थित रहे और दिव्यांग बच्चो के परिश्रम को उन्होंने बहुत सराहा साथ ही भाजपा के नेता श्रीनिवास राव मद्दी, पार्षद संजय पांडे, बृजेश भदौरिया, बस्तर पुलिस से एस पी. शलभ सिन्हा, अतिरिक्त एसपी महेश्वर नाग, शक्ति सिंह चौहान के साथ अन्य समाज के प्रमुख भी आयोजन मैं शामिल रहे। साथ ही शासकीय दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय से प्रधानाचार्य तोहमेश्वर सिन्हाऔर पूरा स्टाफभी निशा स्वर के साथ उपस्थि थे। निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन के इस पहले को समाज और पूरा जगदलपुर सराह रहा है। फाउंडेशन से वि.संतोष, विशाल शुक्ला, तशिश उपाध्याय, अनुराग जोश, प्रयास चिकलीकर, रौनक, सार्थक, गौरव राव, आदर्श मौर्य, श्रीकांत, मोहित, अंशुल मिश्रा, सावित्री नेताम, विवेक भोजवानी, परिणीता पटनायक, तेजस्वी जोशी, उसके अलावा हमारे प्रिंटेबल पार्टनर सूरज डिजिटल हिमांशु गुप्ता, लॉजिंग एंड हॉस्पिटैलिटी पार्टनर अविनाश इंटरनेशनल अभिषेक राव मद्दी के सयोग से सफल हुआ। इनका कहना है की दिव्यांगों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलने के लिए, सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पेशेवर संगठनों को व्यापक सामाजिक अभियान चलाने चाहिए।

# सर्किट हाउस रायपुर में एचआईव्ही के साथ जी रहे लोगों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सर्किट हाउस रायपुर में एचआईव्ही के साथ जी रहे लोगों का राज्य स्तरीय सम्मेलन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण छत्तीसगढ़ शासन श्याम बिहारी जायसवाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम मनेंद्रगढ़ में लिंक एआरटी केंद्र का शुभारंभ किया। मंत्री द्वारा मरीजों को दवाइयों के नियमित सेवन लेते हुए सामान्य जीवन जीने के लिए के लिए प्रोत्साहित किया और एआरटी दवाओं के लिए सरगुजा जाने की तकलीफ को दूर किया। अब मनेंद्रगढ़ में ही लोगो को दवाएं मिल सकेंगी। सचिव, स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन अमित कटारिया ने अपने उद्बोधन में सभी का आह्वान किया कि समाज से भेदभाव दूर करना सबसे बड़ी चुनौती है और इसको दूर करने में अब को साथ मिलकर आगे आने की जरूरत है। स्वागत उद्बोधन में ओ एस डी स्वास्थ एवं परिवार कल्याण छत्तीसगढ़ शासन एवं आयुक्त सह संचालक स्वस्थ सेवाएं डॉ प्रियंका शुक्ला द्वारा राज्य में एचआईवी से जी रहे लोगों को विभिन्न शासन के विभिन्न योजनाओं से जोड़कर लाभ लेने हेतु प्रेषित किया। साथ ही नियमित दवाओं के सेवन के लिए आग्रह किया। सभी को प्रोत्साहि किया की शासन की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लाभ प्राप्त करें एवं जो समस्याएं होती है उनके निराकरण में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, शिक्षा, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं की जानकारी दी और समस्याएं को दूर किया। समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर करने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेषित किया। नियमित दवाइयों के सेवन के साथ स्वस्थ जीवन जी रहे लोगों को तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सुइयों के माध्यम से नशे का सेवन करने वाले 2 व्यक्ति जो नशे से मुक्त है को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सांस्कृत कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया और अंत में अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में समिति के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राज्य के नेटवर्क के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

# पॉवर कंपनी में 23 जनवरी को नि :शुल्क नेत्र व चर्म रोग शिविर

## डॉ. प्रांजल व डॉ. सृष्टि द्वारा जाँच एवं उपचार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी डंगनिया रायपुर स्थित औषधालय में निःशुल्क नेत्र, चर्म व बालों के रोगों के लिए जाँच व उपचार शिविर रायपुर नेत्र चिकित्सालय एवं डॉ. मिश्राज हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. प्रांजल मिश्र (नेत्र रोग, कैटरेक्ट एवं रेटिना सर्जन) तथा डॉ. सृष्टि मिश्र (स्किन, हेयर एवं सौंदर्य विशेषज्ञ) द्वारा पॉवर कंपनियों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों का निःशुल्क जाँच तथा उपचार किया जाएगा। यह शिविर 23 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक डंगनिया स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के औषधालय में संचालित किया जाएगा। इस शिविर में जाँच के आधार पर अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को पॉवर कंपनी द्वारा की गई व्यवस्था के तहत विडाल कंपनी के माध्यम से कैशलेस उपचार की सुविधा भी प्राप्त होगी। जिन बीमारियों का उपचार कैशलेस व्यवस्था में सूचीबद्ध नहीं है उसके लिए सीजीएचएस रेट पर प्रचलित नियमों के अनुसार व्यय प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.एल. पंचारी द्वारा अपील की गई है कि विद्युत कंपनी परिवार के सदस्य इस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक संख्या में उठाएं।

# इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन बेलसोडा में हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन बेलसोडा महासमुंद राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष 9 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक आयोजित है जिसमें पंचम दिवस का शुभारंभ प्रभात फेरी जाग मुसाफिर भोर भई अब रैन कहां जो जहां जो सोवत है के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात योग जुंबा का अभ्यास कराया गया, जिसमें स्वयंसेवक वह स्वयं सेविकाओं ने सहभागिता निभाई। परियोजना कार्य खरोरा में नया तालाब परिसर तथा आसपास की साफ सफाई कर नारे जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि नीलम सिंह (नारी सशक्ति प्रमुख संरक्षक डायरेक्टर सखी फाउंडेशन) निरंजना चंद्राकर (अखिल भारतीय कुर्मी क्षेत्रीय महासभा जिला अध्यक्ष) तारिणी चंद्राकर (रासेयो सलाहकार) अशोक गिरी गोस्वामी (इंडियन रेस क्रॉस जिला संगठक) शालिनी जोगी (सखी फाउंडेशन) डॉ एस चंद्राकर (प्राचार्य इंडियन कॉलेज ऑफ एजूकेशन बेलसोडा) ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। चतुर्थ दिवस बौद्धिक सत्र उद्बोधन में दाऊ लाल चंद्राकर स्काउट गाइड प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है तथा स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के दिनचर्या के महत्व तथा कार्यो की सराहना की। नीलम सिंग नारी शक्ति प्रमुख पर्यावरण संरक्षण डायरेक्टर सखी फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा तारिणी चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में नशे की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान किया तथा तथा नशा मुक्त समाज के लिए लोगों को नशा से दूर रहने की प्रेरणा दी और सभी को शपथ दिलाया तथा वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए पॉलिथीन का उपयोग न कर कागज के थैली का वितरण किया। निरंजना चंद्राकर ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दिया।

# तंबाकू नियंत्रण पर किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय मुँगवाल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू नियंत्रण पर स्कूली बच्चों के बीच एक कार्यशाला सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डाक्टर इमरान ने स्कूली बच्चों को कोटपा कानून एवं तंबाकू सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे बताते हुए अपील किया कि अपने गांव में, अपने परिवार में अपने समाज में जो लोग बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, सिगार, गुड़ाखू या अन्य तंबाकू निर्मित चीजों का सेवन कर रहे हैं उन्हें जागरूक किया जाना जीवन रक्षा के लिए आवश्यक है। तंबाकू सेवन से कैंसर, टीबी, गले, नाक, मुंह पेट, छोटी आंत, बड़ी आंत, फेफड़े के कैंसर के बारे में विस्तार से बताते हुए बीमारियों के रोकथाम के लिए तंबाकू सेवन से परहेज करना निरापद है। संस्था के प्राचार्य टिकेश ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत किया। इस अवसर हुई प्रतियोगिता में कुमारी भूमिका तेता कक्षा बारहवीं प्रथम, समीर कुमार कक्षा ग्यारहवीं द्वितीय, कुमारी जमुना कोर्राम कक्षा दसवीं तृतीय स्थान पर रही।सभी विजेता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा थर्मस बॉटल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में समस्त व्याख्याता सुखनंदन पददा, ब्यास नारायण पैकरा, मनोज निर्मलकर, तोरण चंद्रवंशी, निर्मल लेंडिया, महेंद्र जैन, हेमलाल मंडावी आदि उपस्थित रहे।

## गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स के मुख्यालय से कनेक्टेड एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से 286 किलोमीटर दूर राजस्थान के जयपुर स्थित मणिपाल हॉस्पिटल में हुई सर्जरी

# दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास को मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लेटेंसी के साथ टेलीसर्जरी के जरिए अंजाम दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफ्लतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ़ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज़ उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, दुनिया का एकमात्र रोबोटिक सिस्टम है, जिसे टेलीसर्जरी और टेली-प्रॉक्टरिंग के लिए विनियामक अनुमोदन मिला है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैण्डर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा अनुमोदित यह मान्यता रिमोट सर्जरियों और मेडिकल शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करती है, जिसके द्वारा एक दूसरे से लम्बी दूरी पर स्थित चिकित्सा पेशेवर आपसी सहयोग से काम कर सकेंगे। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी चिकित्सा सेवाओं को लम्बी दूरी पर सुलभ बनाकर सर्जरियों में क्रान्तिकारी बदलाव लेकर आएगी। विश्वस्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञता को दुनिया के सबसे सुदूर इलाकों में लाकर यह रिमोट हेल्थकेयर के भविष्य की शुरूआत करेगी और मरीज़ों की देखभाल की परिभाषा को पूरी तरह से बदल देगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी ज़ाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, हमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीज़ों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। टेलीसर्जरी के द्वारा हम किसी भी इलाके में स्थित मरीज़ों को सर्वोच्च गुणवत्ता की देखभाल मुहैया कराना चाहते हैं। भारत जैसे देश में जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी है और भोगोलिक सीमाएं इलाज में रूकावट बन जाती हैं, यह इनोवेशन बदलावकारी साबित होगा। टेलीसर्जरी वंचित समुदायों के लिए विश्वस्तरीय सर्जिकल विशेषज्ञता को सुलभ बनाएगी। साथ ही ग्रामीण लोगों को इलाज के लिए लम्बी दूरी तय कर शहरों में आने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इससे परिवारों पर लॉजिस्टिक और इलाज के खर्च का बोझ कम होगा। हम आधुनिक सर्जिकल केयर को अधिक किफायती और सुलभ बनाना चाहते हैं। टेलीसर्जरी के माध्यम से हम कुशल सर्जनों की सेवाओं को देश के हर कोने तक पहुंचा सकेंगे और चिकित्सा सेवाओं की सुलभता का तरीका पूरी तरह से बदल देंगे। डॉ ललित मलिक, चीफ ऑफ कार्डियक सर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा, यह आधुनिक इंटर-स्टेट रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी मरीज़ों की देखभाल में बड़ा इनोवेशन है। जयपुर के एक बुज़ुर्ग मरीज़ में रिमोट रोबोटिक असिस्टेड सीएबीजी इस बात की पुष्टि करती है कि किस तरह आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से दूरी के अंतर को खत्म कर मरीज़ों को समय पर सटीक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकती है। यह उपलब्धि विश्वस्तरीय चिकित्सा देखभाल को मरीज़ों के लिए सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए डॉ फ्रेडिक मोल, फादर ऑफ सर्जिकल रोबोटिक्स, और संस्थापक, इंट्युटिव सर्जिकल और एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक, वाईस चेयरमैन ने कहा, मैं डॉ श्रीवास्तव और एसएसआई की पूरी टीम को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह देखकर अच्छा लगता है कि 20 साल पहले सर्जिकल रोबोटिक्स की शुरूआत के बाद हमने कितनी लम्बी दूरी तय कर ली है। ओरिजिनल रोबोटिक सिस्टम को दो चीज़ों के लिए डिज़ाइन किया गया था- रिमोट सर्जरी और कोरोनरी बायपास सर्जरी को क्लोज़्ड चेस्ट में करने की क्षमता को हासिल करने के लिए। मेरा मानना था कि अगर आप रोबोट से धड़कते दिल की बायपास सर्जरी कर सकते हैं, तो कोई भी सर्जरी संभव है।

# कांग्रेस पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित हुए सुनील गुप्ता, पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी में अनुशासन और संगठनात्मक नियमों के उल्लंघन पर सख्त कदम उठाते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, भाटापारा (शहर) ने सुनील गुप्ता को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। इस निर्णय की पुष्टि जिला अध्यक्ष हितेन्तु ठाकुर की अनुशंसा पर की गई।

### क्या है मामला?

नगर पालिका भाटापारा द्वारा आयोजित इलेक्ट्रॉनिक वाहन और अन्य वाहन के उद्घाटन कार्यक्रम में सुनील गुप्ता पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं का समर्थन करने और कार्यक्रम में भाग लेने का आरोप है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह कदम पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है और संगठनात्मक मूल्यों को कमजोर करता है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सहयोग का आरोप

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी पत्र में यह भी



कहा गया है कि कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच विवाद और मारपीट की घटनाएं हुईं। ऐसे में गुप्ता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पक्ष में खड़े होने के बजाय भाजपा कार्यकर्ताओं को सहयोग किया, जो पार्टी के आदर्शों और अनुशासन के विरुद्ध है।

### पार्टी से निष्कासन की प्रक्रिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने बताया कि इस मुद्दे पर पार्टी ने गहन समीक्षा की और पाया कि सुनील गुप्ता का यह कृत्य संगठन के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल खड़ा करता है। यादव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी अपने सिद्धांतों और अनुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है, और ऐसे किसी भी कार्यकर्ता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त हो।

### जिला अध्यक्ष की भूमिका

जिला अध्यक्ष हितेन्तु ठाकुर ने इस निष्कासन का समर्थन करते हुए कहा, पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन और उसके सिद्धांतों के प्रति उत्तरदायी है। अगर कोई सदस्य पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाया जाता है, तो उसे कठोर दंड भुगतना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी संगठन के अनुशासन को सर्वोपरि मानती है और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी

इस घटना के बाद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। पार्टी के कई सदस्यों ने मांग की कि ऐसे कृत्यों पर तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि संगठन के भीतर अनुशासन और विश्वास बनाए रखा जा सके।

### सुनील गुप्ता की प्रतिक्रिया

इस पूरे मामले पर सुनील गुप्ता की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वे इस निष्कासन के खिलाफ अपनी बात रखने की कोशिश कर सकते हैं।

### राजनीतिक माहौल पर असर

भाटापारा में इस घटना ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के समर्थकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भाजपा ने इस मुद्दे को कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी का परिणाम बताया है, जबकि कांग्रेस ने इसे संगठनात्मक अनुशासन का मामला करार दिया है।

### निष्कासन का संदेश-

सुनील गुप्ता का निष्कासन कांग्रेस पार्टी के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि पार्टी अनुशासन और सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगी। यह कदम उन कार्यकर्ताओं के लिए भी चेतावनी है जो संगठन के आदर्शों के खिलाफ जाकर व्यक्तिगत लाभ के लिए काम करते हैं।आने वाले दिनों में इस मामले का क्या असर होगा, यह देखने वाली बात होगी, लेकिन फिलहाल कांग्रेस पार्टी ने यह साफ कर दिया है कि संगठन के प्रति असंतोषजनक आचरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मकर संक्रांति के अवसर पर महादेव घाट रायपुर में उमड़ा भक्ति का सैलाब, भव्यता से संपन्न हुई खारुन गंगा महाआरती

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com





महादेव घाट रायपुर में माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति द्वारा निरंतर क्रम में 27 वीं बार बनारस की तर्ज पर खारुन गंगा महाआरती की गई। समिति के प्रमुख एवं करणी सेना अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में गत दो वर्षों से अधिक समय से प्रतिमाह आयोजित होती आ रही खारुन गंगा महाआरती इस महीने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बड़ी ही सुगठित तैयारियों के साथ भव्यता से संपन्न हुई। सुमधुर भजनों की स्वर लहरियों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने पधारे श्रद्धालुओं एवं दर्शकों का मन मोह लिया एवं श्रोताओं ने भजनों की ताल पर झूमते हुए सूर्य उत्तरायण पर्व का स्वागत किया। भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने के संकल्प के साथ शुरू होकर संपूर्ण विधि विधान से हटकेश्वर महादेव एवं माँ खारुन गंगा मैया की आरती की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को खीर प्रसादी का वितरण किया गया। वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में आयोजित यह महाआरती मासिक लोकोत्सव के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी है एवं कई विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है, वे इस महाआरती को सनातनी समाज को एकत्रित करने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरण का इसे महत्वपूर्ण माध्यम मानते हैं। साथ ही इस बार मकर संक्रांति के अवसर पर समिति की ओर से बड़ी घोषणा की गई है कि अब बनारस की तरह ही रायपुर में भी खारुन गंगा मैया की आरती प्रतिदिन की जाएगी। अगर आप भी इस आरती का हिस्सा बनना चाहते हैं तो रायपुर के महादेव घाट में इसका आनंद उठा सकते हैं।

## खिचड़ी वितरण एवं सुहाग श्रृंगार भेंट कर ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् ने मनाई मकर संक्रांति



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भगवान सूर्य के उत्तरायण पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की पदाधिकारी एवं सहयोगी बहनों ने 304 वर्ष पुराने छुईखदान रियासत कालीन कुल देवी कोड़का महामाया देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर खिचड़ी का वितरण किया। कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिलाध्यक्ष बिंदु तिवारी ने जानकारी दी है कि मकर संक्रांति के अवसर पर मां महामाया एवं श्री हनुमान जी एवं शनिदेव की विशेष पूजा अर्चना कर तिल के लडडुओं एवं खिचड़ी का भोग लगाया गया। जिला सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित बहनों ने एक दूसरे को सनातन परंपरानुसार कुमकुम तिलक कर श्रृंगार सामग्री भेंट की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को तिल के लडडू एवं खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिला उपाध्यक्ष रूपा उपाध्याय, जिला संगठन विस्तार प्रमुख शैल शर्मा, जिला संयुक्त सचिव श्यामा तिवारी और जिला कार्यकारिणी सदस्य मृदुला त्रिपाठी, विमला शर्मा, मीना तिवारी, अंजू तिवारी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में कोड़का के अध्यक्ष प्रेम वर्मा एवं महामाया मंदिर के पुजारी जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## नगर निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने नगर निगम के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा

- उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा, उपअभियंता ललित वर्मा सहित 10 सेवानिवृत्त निगम कर्मचारियों को सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ द्वारा नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभा सभागार में नगर निगम रायपुर में सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर 2024 तक सेवानिवृत्त मुख्यअभियंता राजेश शर्मा, उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा, उपअभियंता ललित वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा, राजस्व उपनिरीक्षक दयानंद सेन, चालक सुरेश यादव, वाहन चालक प्रकाश शर्मा, हेल्पर आनंद सागर, सफाई कामगार छोटू /ईश्वर, मेट तारेश्वर बेहरा को संघ का स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर नगर निगम अपर आयुक्त सामान्य प्रशासन विभाग कृष्णा खटीक ने संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाघव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, पदाधिकारी बमशंकर गुप्ता, आनंद ताम्रकार अन्य पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष अशोक मिश्रा, निगम सामान्य प्रशासन विभाग की वरिष्ठ लिपिक उषा सिंदूर सहित सम्मानित किया एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के उज्जवल सुखमय, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएं की। सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता राजेश शर्मा एवं उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा ने अपने सेवाकाल के संबंध में संस्मरण सुनाए। अपर आयुक्त कृष्णा खटीक ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा नगर निगम को सेवाएं देने की सराहना की। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाघव ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उनके कार्यो को सराहा और उन्हे बधाई दी। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाघव ने मंच से अपर आयुक्त सामान्य प्रशासन विभाग से रायपुर नगर निगम के अब तक छुटे हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ एवं छटवे और सातवे वेतनमान का एरियर्स सक्षम स्वीकृति शीघ्र लेकर अधिकारियों, कर्मचारियों के कल्याणार्थ दिलवाने का विनम्र अनुरोध किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा भाटापारा शहर थाना के सामने कल जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका प्रांगण भाटापारा में भाजपा के गुंडों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किए गए मार पीट व पुलिस प्रशासन द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज नहीं किए जाने के विरोध में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन भाटापारा में गुरूवार को 11 बजे शहर थाना के सामने किया जाना तय किया गया है। जिसमे प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर सहित जिले के तमाम कांग्रेस नेतागण एवं भाटापारा विधायक इन्द्र



साव सहित भाटापारा के समस्त शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी। होने वाले धरना प्रदर्शन के लिए जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर द्वारा सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन में पहुँच कर पुलिस प्रशासन व भाजपा के मारपीट करने वाले गुंडों के ख़िलाफ अपनी आवाज़ बुलंद करने की अपील की गई है।

## देवी भागवत में तुलसी विवाह की कथा और बांटे सैकड़ों तुलसी के पौधे



पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा के आठवें दिवस पर संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा के द्वारा मां भगवती के अनेक रूपों की कथा सुनाई गई। जिसमें बहुत ही अलौकिक कथा त्रिपुरा सुंदरी, ऋषि चवन एवं अश्वनी कुमारी की कथा से आरंभ किया एवं उसके आध्यात्मिक ज्ञान को भी लोगों को तथ्यों के साथ बताया वही कथाओं में शंकर जी के भक्त को सूर्यदेव के द्वारा श्राप देना एवं शंकर जी के द्वारा सूर्य को मारने के लिए जाना एवं भगवान विष्णु के द्वारा शंकर जी को समझाना। ऐसी कथाओं का वाचन करके उसके आध्यात्मिक तथ्यों को सामने रखा साथ ही फिर तुलसी विवाह की कथा सुनाते हुए शंखचूर्ण एवं शालिग्राम की कथा कही। अंत में लोक परंपराओं के साथ छत्तीसगढ़ के त्यौहार में पूर्णिमा के दिन छेरछेरा त्यौहार की बधाई संत बालयोगी एवं समिति के द्वारा उपस्थित सभी भक्तों को दी गई साथ ही तुलसी विवाह के अवसर पर उपस्थित सभी महिला पुरुष भक्तों को तुलसी पौधों का वितरण किया गया आज के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा शर्मा एवं भाजपा से अन्य लोग भी उपस्थित रहे। शिवरतन शर्मा ने संबोधन में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा के द्वारा चौथी बार भाटापारा आगमन पर उनका हार्दिक अभिनंदन वंदन किया एवं धर्मांतरण के विषय को लेकर लोगों को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की रक्षा करने की अपील की।

## हिन्दुस्तान ज़िंक ने वैल्यू चैन में डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देने वाले स्टार्टअप को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेशनल स्टार्टअप डे पर, भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने कंपनी में परिचालन कुशलता को बढ़ाने में कार्यरत टेक्नोलॉजी और इनोवेशन स्टार्टअप को सम्मानित किया। कंपनी ने अपने संचालन में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफथिंग्स जैसी टेक्नोलॉजिकल एक्सीलेंस और इनोवेशन को सम्मिलित किया है। नेशनल स्टार्टअप डे पर, कंपनी ने हिन्दुस्तान ज़िंक में तकनीकों के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए कई स्टार्टअप को आमंत्रित किया। इस अवसर पर हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा और कंपनी के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया। कंपनी ने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने और विनिर्माण क्षेत्र में अधिक जानकारी हासिल करने के लिए स्टार्टअप मेंटरिंग कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की। कंपनी ने इनफिनिट अपटाइम, रिपिक.एआई, मशीन मैक्स, मैक्सिम लैब्स, फ्लक्स ऑटो, डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज और हाल ही में शार्क टैंक इंडिया के प्रतिभागी जर्श सेफ्टी सहित आठ स्टार्टअप को सम्मानित किया। वर्तमान में, हिंदुस्तान जिंक 60 से अधिक विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर 40 से जयादा टेक स्टार्टअप के साथ जुड़ा हुआ है और वेदांता स्पार्क के माध्यम से लगभग 50 से अधिक स्टार्टअप के साथ जुड़ रहा है। वेदांता स्पार्क वेदांता का अनूठा ग्लोबल कॉर्पोरेट एक्सेलेरेटर एण्ड वेन्चर्स कार्यक्रम है जो उभरती हुई टेक्नोलॉजी के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यावसायिक चुनौतियों का समाधान कर बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी प्रभाव हेतु अभिनव स्टार्टअप के साथ सहयोग करता है। वेदांता स्पार्क के तहत, हिन्दुस्तान ज़िंक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन, ड्रोन तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, और ऑगमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर उच्च-संभावित अवसरों को अनलॉक किया है।

## सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला में 17 से 19 जनवरी 2025 तक विधासभा रोड, नर्दाहा में आयोजित होगा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला में 17 से 19 जनवरी 2025 तक विधासभा रोड, नर्दाहा में आयोजित होगा। यह एक विशेष तीन दिवसीय आयोजन है, जो निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। इस आयोजन में आपको प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त करने का मौका मिलेगा, जो एक लक्ज़री टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं। हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का एक प्रोजेक्ट है और यह रेरा पंजीकृत है (पीसीजीरेरा040123001580)। यहाँ के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और इसकी प्रारंभिक कीमत 8.99 लाख से शुरू होती है। हर्षित गोल्ड सिटी में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, मंदिर, क्लब और रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, आउटडोर और इंडोर जिम, कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, यह परियोजना एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, ज्ञान गंगा स्कूल, डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल), कोलंबिया कॉलेज, एम.जी.एम. आई हॉस्पिटल, अंबुजा मॉल और हैरिटेज हॉस्पिटल जैसे प्रमुख स्थानों के पास स्थित है, जो इसके निवासियों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप 1993 से जीवनशैली का निर्माण कर रहा है और क्रेडाई और रेरा द्वारा अनुमोदित है, जो इस परियोजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की गारंटी देता है।

## अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेलः अमेजन बिजनेस पर 2 लाख से ज़्यादा अनोखे प्रोडक्ट पर मिल रही 70 प्रतिशत तक की छूट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नया साल अमेजन बिजनेस ग्राहकों के लिए बचत का शानदार मौका लेकर आया है! अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के दौरान, बिजनेस और कॉर्पोरेट ग्राहक लैपटॉप, हेडफोन, रूम हीटर और किचन अप्लायंसेज जैसे विभिन्न उत्पादों पर शानदार डील का लाभ उठा सकते हैं। बी2बी ग्राहक एप्पल, एसर, आसुस, डेल, एचपी, लेनोवो, अमेजन बेसिक्स, बोट, बोल्ट, फायर-बोल्ट, जेबीएल, नाइस, सैमसंग, सोनी, शाओमी, जेब्रोनिक्स जैसे ब्रांड पर बेहतरीन डील का फायदा उठा सकते हैं। अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के मुख्य आकर्षण मे 100 से ज़्यादा नए प्रोडक्ट के लॉन्च स्मार्टवॉच, स्पीकर और ऑफिस फर्नीचर पर 70% तक की छूट, हेडफोन पर 60% तक की छूटलैपटॉप और टैबलेट पर 50% तक की छूट, रूम हीटर पर 70% तक की छूट, साथ ही दो या उससे ज़्यादा की खरीद पर 7% की अतिरिक्त छूट। इलेक्ट्रिक केटल और पानी की बोतलों पर 50% तक की छूट, दो या उससे ज़्यादा की खरीद पर 9% की अतिरिक्त छूट। कारोबारी अमेजन बिजनेस पर विक्रेताओं से रोमांचक डील्स के साथ लोकप्रिय उत्पादों की खरीद कर सकते हैं, इसी के साथ ही जीएसटी चालान के साथ 28% तक की बचत भी कर सकते हैं। एप्पल मैकबुक एयर लैपटॉप- वे लोग जो काम और मनोरंजन दोनों के लिए एक बेहतरीन लैपटॉप चाहते हैं, उनके लिए यह प्रोडक्ट बिल्कुल सही है। यह लैपटॉप बेहतरीन परफार्मेंस देता है। 8जीबी की यूनीफाइड मेमोरी और 13.3 के वाइब्रेंट रेटिना डिस्प्ले के साथ, आप सभी जरूरतों के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। अमेजन बिजनेस पर इसे 59,313 रुपये में खरीदें। इस लागत में जीएसटी शामिल नहीं है। एचपी वीजेड, लैपटॉप- बिजनेस से जुड़े कार्यों के लिए यह एक बेहतरीन लैपटॉप है।

## ऑटो एक्सपो का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, चारों सेग्मेंट के व्हीकल्स व स्पेयर पार्ट्स के 200 स्टॉल है शामिल

### रोड टैक्स पर मिलेगी 50 फीसदी की छूट, हर दिन होंगी न्यू लॉचिंग

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा साइंस कालेज मैदान में आयोजित देश के सबसे बड़े ऑटो एक्सपो का गुरूवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुभारंभ करेंगे। अगले माह की 15 फरवरी तक आयोजित ऑटो एक्सपो की सबसे बड़ी खासियत ये हैं कि सभी प्रकार के व्हीकल्स की खरीदी पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी का छूट दिया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन



अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू व पुरदंर मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इनके साथ राडा के सभी पदाधिकारी, सभी स्पांशर समूह के प्रतिनिधि व स्टॉल होल्डर्स भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि पहला ऐसा एक्सपो हैं जहां एक माह तक हर वाहन की खरीदी पर रोड टैक्स में कस्टमर को 50 प्रतिशत छूट का फायदा मिलेगा। इसका सीधा फायदा डीलर्स व सरकार को भी होगा। दोपहिया कार ट्रैक्टर व कमर्शियल व्हीकल्स के चारो सेग्मेंट के अलावा एशेसरीज, बैंकिंग व अन्य करीब 200 स्टॉल होल्डर्स एक्सपो में शामिल हो रहे हैं। हर दिन न्यू लॉचिंग व सांस्कृतिक संध्या मुख्य आकर्षण होंगे। राडा का यह 8 वां ऑटो एक्सपो है। साल दर साल इसकी भव्यता और बढ़ते जा रही है और पार्टिसिपेट करने वालों की संख्या भी। जिसके चलते अब रायपुर के इस एक्सपो की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन गई है।

## शिवरतन शर्मा ने विधानसभा के ग्राम मल्दी में लाखो रुपये के विकास कार्यों किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विधानसभा के ग्राम मल्दी में लाखो रुपये के विकास कार्यों सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण एवं रंगमंच निर्माण कार्य के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही क्षेत्र के ग्राम टोनाटार में बने यादव समाज भवन एवं रंगमंच का लोकार्पण कर ग्रामवासियो को समर्पित किया. शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियो को सम्बोधित करते हुए छेरछेरा की भी बधाई दी और कहा की यह सौगात क्षेत्र के समग्र विकास और प्रगति की नई दिशा तय करेगी। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण, स्वावलंबन, खेल के साथ ही कृषि व कृषक कल्याण के लिए



अभूतपूर्व कार्य कर रही है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, डबल इंजन की सरकार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए हम विजन 2047 छत्तीसगढ़ के अंतर्गत विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उपाध्यक्ष भाजपा शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के होने से जनता को सुविधा के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होता है। हम भाटापारा विधानसभा को विकसित और जनसुविधा युक्त क्षेत्र बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार फिर से विकास के रास्ते पर कार्य तेजी से हो रहे हैं। जनता को सरकार की हर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में डबल इंजनों की सरकार द्वारा निर्मित ही आवास योजना से जनता को पक्के आवास मिल रहे हैं, किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है, युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं हैं, महिला सशक्तिकरण का प्रयास जारी है,महतारी वंदन का लाभ प्राप्त हो रहा है और हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान का उपहार मिल रहा है। यह सभी भाजपा के साफ और सही नियत के उद्देश्य को निर्धारित करता है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

## बीमा प्रीमियम कलेक्शन में 9.91 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़त

**रायपुर।** जीवन बीमा परिषद ने दिसंबर 2024 के इंडस्ट्री के नवीनतम कारोबारी आंकड़े जारी किए हैं। भारतीय जीवन बीमा कंपनियों ने दिसंबर 2024 में रिकॉर्ड नए व्यवसाय के आंकड़े दर्ज किए हैं। इनके प्रीमियम कलेक्शन में 9.91 प्रतिशत की बढ़त हुई है। जीवन बीमा परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा इंडस्ट्री में दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर व्यक्ति गत सिंगल प्रीमियम में 13.52 प्रतिशत की बढ़त हुई और यह 4633.12 करोड़ रुपये पर बंद हुआ, जबकि इसमें जनवरी से दिसंबर तक की अवधि में 13.68 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। दिसंबर 2024 में व्यक्ति गत गैर-एकल प्रीमियम 12467.51 करोड़ रुपये पर रही और इसमें 4.53 प्रतिशत की बढ़त हुई, जबकि वर्ष-दर-तारीख (जनवरी से दिसंबर) संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14.53 प्रतिशत अधिक रहा। इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि जीवन बीमाकर्ता पहली बार जीवन बीमा खरीदने वालों को आवश्यक जीवन बीमा समाधान खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने पर अधिक फोकस कर रहे हैं, जिससे दिसंबर 2024 में संयुक्त व्यक्ति गत प्रीमियम कलेक्शन में 6.82 प्रतिशत की बढ़त और वर्ष-दर-तारीख आधार पर 14.26 प्रतिशत की बढ़त हुई।

# बालको में लोहड़ी, मकर संक्रांति एवं मंडला पूजा धूमधाम से संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com






विविधता, एकता और परंपरा का जश्न मनाने की अपनी यात्रा में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने प्रत्येक राज्य की सभी संस्कृतियों एवं परंपरा को एक मंच पर लाकर इस क्षेत्र को मिनी इंडिया बना दिया। यहां विभिन्न धर्म एवं समुदाय के लोग साथ रहते हैं जो अलग-अलग त्योहार मनाते हैं। टाउनशिप एवं समुदाय में लोहड़ी, मकर संक्रांति और मंडला पूजा उत्साह के साथ मनाई गई। बालको जीईटी हॉस्टल में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विधिपूर्वक पूजा एवं अनुष्ठान के बाद लोहड़ी प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर अंबेडकर स्टेडियम में पतंग स्पर्धा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बालको कर्मचारियों, उनके परिजन, बच्चों एवं समुदाय के लोगों ने शिरकत की। कंपनी के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने बालको परिवार को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न पंतगबाजी के 5 श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिए। कंपनी ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाएं पंतगबाजी, स्पून लेमन एवं बैलून रेस तथा जलेबी खाने की प्रतियोगिता में शामिल हुईं। सभी महिलाओं के बीच छत्तीसा के बने तिल एवं लाई के लडडू बांटे गए। बालकोनगर अय्यप्पा सेवा संघम ने मंडला पूजा एवं मकर संक्रांति पर बालकोनगर अय्यप्पा मंदिर में अनेक अनुष्ठान आयोजित किए। मंडला पूजा 26 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 14 जनवरी 2025 को धूमधाम से संपन्न हुआ। बालको के वरिष्ठ अधिकारियों ने भगवान अय्यप्पा की पूजा-अर्चना कर बालको परिवार की खुशहाली और चहुंमुखी प्रगति का आशीर्वाद मांगा। अय्यप्पा मंदिर में मकरा विलक्कू पूजा की शुरूआत सुबह साढ़े पांच बजे से हुई। निर्माल्य दर्शन, गणपति हवन, अभिषेकम और उषा पूजा के अलावा नागराजा के लिए नूरूम पालुम अनुष्ठान हुआ। दोपहर को मध्याह्न पूजा आयोजित हुई। शाम को भगवान अय्यप्पा की दीप यात्रा आयोजित हुई जिसकी शुरूआत बालकोनगर के सेक्टर-पांच स्थित सिद्धेश्वर श्री हनुमान मंदिर से हुई। अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों और बालकोनगरवासियों ने पारंपरिक मोर एवं कर्मा नाच, मुथुकुड्डा, निरापरा, थिवेट्टी और कुथुविलक्कू आदि अनुष्ठानों में भागीदारी कर पुण्यलाभ कमाया। हाथों में थालाप्पोली लिए महिलाओं और किशोरी बालिकाओं ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। रथ यात्रा बालकोनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अय्यप्पा मंदिर पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पट खोले गए। स्वामी अय्यप्पा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मकरा विलक्कू पर अय्यप्पा मंदिर परिसर में आतिशबाजी हुई। बड़ी संख्या में बालकोनगरवासियों ने आतिशबाजी का आनंद उठाया। अनुष्ठानों के बाद अय्यप्पा सेवा संघम की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बालको ने धार्मिक स्थलों की समृद्ध विरासत को संरक्षित किया है जो दशकों से टाउनशिप का अभिन्न अंग हैं।

राम मंदिर से लेकर सेंट विंसेंट पल्लोटी चर्च, गोसिया मस्जिद और गुरुद्वारा ये सभी पूजा स्थल आस्था के प्रतीक हैं। समुदाय के साथ ही कंपनी के प्रयास से विभिन्न धर्मों के कर्मचारी, निवासी और उनके परिवार के लोग एकजुट होते हैं। ये सभी धार्मिक स्थल विभिन्न संस्कृति एवं धर्मों के सम्मान के प्रति बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बालको ने सामूहिकता की भावना को बढ़ावा दिया। जहां सभी परंपराओं का जश्न साथ मिलकर मनाया जाता है।

# नशीली पदार्थ की रोकथाम और सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर अग्रवाल की महत्वपूर्ण बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार नशीली पदार्थ के रोकथाम पर कलेक्टर अग्रवाल द्वारा मुस्तैदी के साथ जोरो से अभियान चलाया जा रहा है बकायदा इसके मद्देनजर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तीन महत्वपूर्ण बैठक ली उन्होंने जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थो या नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति, सड़क सुरक्षा समिति एवं नशामुक्त भारत अभियान समिति की बैठक ली। उन्होंने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में जिले में नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर रोकथाम की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में सक्रियता के साथ नशीली दवाईयों के रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एसपी निखिल राकेचा के मौजूदगी में बैठक में कहा कि चेकपोस्ट, बैरियरों के द्वारा सघन निगरानी कर संदिग्ध वाहनों की लगातार जांच की जाए। जिले में नशीली पदार्थों के रोकथाम के लिए लगातार व्यापक अभियान चलाएं जाए। साथ ही सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सीमापार नशीली दवाइयों पर भी निगरानी रख कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने नशीली पदार्थो के बारे में जागरूकता लाने एवं लोगों को इसके दुरूपयोग से दूर रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ औषधि विभाग के अधिकारियों को दवाईयों का औचक निरीक्षण कर नशीली दवाईयों के स्टॉक, एन्ट्री एवं बिक्री आदि की भी जानकारी लेने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल, कॉलेज के 100 मीटर के दायरें में नशीली पदार्थो की बिक्री पर कोटपा अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग को भी नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। **नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत होंगी गतिविधियां**-कलेक्टर अग्रवाल ने नशामुक्त भारत अभियान समिति की भी बैठक ली। उन्होंने गांव में लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने गठित भारत माता वाहिनी को सक्रिय करने के निर्देश दिये। साथ ही समिति के माध्यम से तथा स्वास्थ्य शिक्षा समाज कल्याण विभाग के समन्वय से नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल, कॉलेजों एवं सार्वजनिक संस्थानों में भी नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए इस दौरान बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, सहायक ड्रग कन्ट्रोलर संजय राजपूत सहित समन्वय समिति के सदस्यगण शामिल हुए।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंतराज्यीय आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में सर्किट हाउस भाटापारा के पास मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर 13.01.2025 को थाना भाटापारा शहर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सर्किट हाउस भाटापारा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी जगदीश वर्मा को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी जगदीश वर्मा एवं उसके पास रखे गए 02 बैग एवं एक ट्रॉली सूटकेस का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 18.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 1,88,060 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 40/2025 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# 02 करोड़ की लागत के मशीनों का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर नगर हित में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने समर्पित किया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा विधानसभा के नगर पालिका परिषद परिसर में लगभग 02 करोड़ की लागत के मशीनों का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर नगर हित में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने समर्पित किया। जिससे नगर के सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। मशीन 10 ऑटो रिक्शा, 05 टिपर मशीन, 01 जे. सी. बी मशीन, 01 वैक्यूम एमपीटर। हमारा लक्ष्य और ध्येय भाटापारा को स्वच्छ समृद्ध बनाना व जनता को हर वह सुविधा उपलब्ध कराना है, जिसके प्रति उन्होंने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को चुना है और इस उद्देश्य को पूरा करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उक्त बाते शिवरतन शर्मा ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कही। शिवरतन शर्मा ने कहा की अब तक भाटापारा में जितने भी विकाश के कार्य हुए है वो सभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुए है, पिछले कांग्रेस कार्यकाल में नगरीय निकाय मंत्री द्वारा जो शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होकर 05 करोड़ देने की बात कही गई थी वो कांग्रेस की सरकार जाते तक भी प्राप्त नहीं हो पाए। शर्मा ने बताया की ज़ब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से अब तक 13 करोड़ से अधिक की राशि भाटापारा नगर को विकाश कार्यों के लिए प्राप्त हो चुकी है, इस से पहले भी ज़ब भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में थी तब करोडो के विकास कार्य से नगर में कार्य किये गए है, भाटापारा में पानी टंकी का निर्माण हो, रोडो का निर्माण हो, गौरव पथ, हाई मास्क लाइट, तालाबों का सौन्दरयीकारण, सड़को का डामरीकरण, जैसे अनेको कार्य किये गए, पर ज़ब कांग्रेस की सरकार बनी तब प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका को केवल उपेक्षा ही मिली और पिछ्ले पांच सालो में एक भी विकास के कार्य भाटापारा के कांग्रेसी नहीं दिला पाए। अब ज़ब हमारी विष्णु देव साय की सरकार द्वारा विकास कार्य जनहित में किये जा रहें है तो कांग्रेसीयों को पीड़ा हो रही है, क्युकी ये कभी जनहित के कार्यों के लिए प्रयास ही नहीं कियेऔर ना ही इनका जनहित के कार्यों से कोई सरोकार रहा, सभी केवल फोटो सेसन में व्यस्त रहें। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में जनता इन्हे सबका सिखायेगी और नगर पालिका में भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशीयों को विजय दिलाकर नगर विकास में अपनी सहाभागिता निभाएगी। कार्यक्रम को सुनील यदु, आशीष जायसवाल, व्यास यदु, सुनील गुप्ता ने भी सम्बोधित किया और सरकार द्वारा एवं शिवरतन शर्मा द्वारा किये गए व किये जा रहें नगर हित के कार्यों की जानकारी दी। उक्त अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान, पालिका के अधिकारी कर्मचारी, भाजपाकार्यकर्ता, नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहें।

# हसौद में पूर्व खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन का स्वागत किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा हसौद-छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन के एक दिनी पिहरीद प्रवास पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में हसौद मिलन चौक पर आतिशबाजी और फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गिरीश देवांगन ने सभी कार्यकर्ताओं को नववर्ष व मकर संक्रांति की बधाई दिया।इस अवसर पर आलोक चन्द्राकर, गुलाबुद्दीन खान, सुरेन्द्र भार्गव, नारायण खंडेलिया, संदीप अग्रवाल, मधुसूदन साहू,हरिलाल खटर्जी, राजेश लहरे, शिव साहू, छोटू दास महंत, गणेश माझी, सतीश महेश, दशरथ कर्ष,दादूराम सोनवानी, प्यारे साहू, मुकेश राकेश, भुवन जांगडे, देव लाल यादव, कलेश्वर जायसवाल, संजय कोसले, राजेश जायसवाल,प्रकाश कश्यप, सुखराम जायसवाल, बसंत कश्यप, भुपेन्द्र माझी,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विप्र भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक विधि और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं विप्र शक्ति महिला मंडल द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह विप्र भवन में मंत्रोच्चार और वैदिक विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के प्रदेश भर के 50 से अधिक बटुकों का उपनयन संस्कार तेल-हल्दी, मुंडन, नह डोरी आदि विधि एवं वैदिक रीति के साथ मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। उपनयन संस्कार अवसर पर समस्त बटुकों के परिवार और रिश्तेदारों सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान किये। यह जानकारी देते हुए विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि उपनयन संस्कार को यादगार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इसका आयोजन धूमधाम से किया। उपनयन संस्कार संपन्न होने के बाद अंत में भी विप्र भवन से सुहागा मंदिर तक बैंड बाजे के साथ बारात शोभायात्रा के रूप में निकली तो ब्राह्मण पारा के सभी घर से लोग निकालकर बटुकों को आशीर्वाद दिए। सुहागा मंदिर में भगवान राधा कृष्ण से आशीर्वाद प्राप्त कर और प्रसाद ग्रहण करके बटुकों के लिए स्मरणीय उपनयन संस्कार समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर यजमान अशोक दीवान ,व्यास नारायण शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, बीजापुर से सेवानिवृत्त कलेक्टर अनुराग पाण्डेय,संजय दीवान,नटराज शर्मा, प्रो. ध्रुव पांडेय, डॉ.मेघेश तिवारी, हरीश मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी, प्रकाश तिवारी,सुनील पाण्डेय सहित विप्र शक्ति महिला मंडल से प्रीति शुक्ला, विभा तिवारी,रत्ना मिश्रा, पदमा दीवान, सुनीता मिश्रा, सरिता शर्मा, सुषमा तिवारी,मीनू शर्मा एवं ममता शर्मा सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन बने राजू शर्मा, राज्य प्रतिनिधि बने डॉ. फरिश्ता

## कलेक्टर की अध्यक्षता में रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति का गठन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा बैठक में 20 सदस्यीय प्रबंध समिति का गठन किया गया। बैठक में प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा सोसाइटी के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान किया गया। इस चुनाव में जिला पंचायत के सभापति राजू शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी सत्यनारायण पांडे को दो मतों से हराकर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन के पद पर विजय प्राप्त की। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ. प्रीति नारायण ने मनी मुक्ता पाटील को 8 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए पल्लवी पांडे ने मोहन सिंह छावड़ा को 8 मतों से पराजित किया। राज्य प्रतिनिधि के पद के लिए डॉ. ए फरिश्ता ने अवघड राजेश बाबा को 16 मतों से हराया। चुनाव परिणाम के बाद सभी विजयी प्रत्याशियों और प्रबंधन समिति के सदस्यों को कलेक्टर ने शपथ दिलाई। प्रबंध समिति के चयन के लिए कुल 51 मत पड़े, जिनमें से एक मत कारणवश निरस्त किया गया। चुनाव में 29 सदस्य प्रबंध समिति के लिए दावेदार थे, जिनमें से 20 को चुना गया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने इस अवसर पर विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रबंध समिति के सदस्य सोसाइटी के विस्तार के लिए योजना बनाएं और हर सदस्य को कम से कम 10 लोगों को आजीवन सदस्यता दिलाने का कार्य करें। इसके अलावा संरक्षक सदस्य बनाने की दिशा में भी प्रयास करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित सोसाइटी के सदस्य मौजूद थे।

16 Jan. 2025
Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM
POOL
FOOD
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
▪ हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स
▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR
81091 11313
86028 11220


होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567







संकलनकर्ता - श्यामसुंदर पुरोहित, संवाददाता भाटापारा, मोबाईल - 9755685116

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403